विशेषांक

सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका

# समसामयिकी क्रॉनिकल

■ ₹ 160

# करेंट अफेयर्स वार्षिकी 2024

## दिसंबर 2023 तक अद्यतन




**विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां**

- कृषि
- उद्योग
- ग्रामीण विकास
- सामाजिक सशक्तीकरण
- सामाजिक-आर्थिक विकास
- युवा एवं कौशल विकास
- अवसंरचना
- संसाधन
- ऊर्जा
- पर्यावरण संरक्षण
- नवीन प्रौद्योगिकी
- रक्षा एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम
- राज्य विशेष करेंट अफेयर्स
- योजना एवं कार्यक्रम
- विधेयक एवं अधिनियम
- सूचकांक एवं रिपोर्ट
- बैठक एवं सम्मेलन
- खेल घटनाक्रम

**500 करेंट अफेयर्स प्रश्न**

**नवीनतम सामान्य ज्ञान**

नियुक्ति । निधन । पुरस्कार एवं सम्मान । युद्धाभ्यास । पोर्टल एवं ऐप

प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठन । महत्वपूर्ण दिवस । पुस्तकें एवं लेखक

**वनलाइनर करेंट अफेयर्स**

सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका
समसामयिकी
क्रॉनिकल
विशेषांक मूल्य: ₹160/-

# करेंट अफेयर्स वार्षिकी 2024

संपादक
एन.एन. ओझा

सहायक संपादक
सुजीत अवस्थी

लेखन एवं प्रस्तुति
क्रॉनिकल संपादकीय समूह

संपादकीय
9582948817
cschindi@chronicleindia.in

विज्ञापन
9953007627
advt@chronicleindia.in

सदस्यता
9953007629
subscription@chronicleindia.in

प्रसार
9953007630
circulation@chronicleindia.in

कार्यालय
क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
ए-27 डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301
Tel.: 0120-2514610-12
info@chronicleindia.in

**क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.:** प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। उनसे संपादक का सहमत या असहमत होना जरूरी नहीं है। संपादक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धृत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता। पाठकों से अनुरोध है कि पत्रिका में छपे किसी भी विज्ञापन की सूचना की जांच स्वयं कर लें। समसामयिकी क्रॉनिकल, विज्ञापनों में प्रकाशित दावों के लिए किसी प्रकार जिम्मेदार नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा.लि. के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक-मृणाल ओझा** द्वारा एच-31, प्रथम तल ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नयी दिल्ली-110016, से प्रकाशित एवं इम्प्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नंबर C-18-19-20-21, सेक्टर-59, नोएडा-201301 से मुद्रित- **संपादक एन.एन. ओझा**

## अनुक्रमणिका

1. राष्ट्रीय घटनाक्रम....3-18
2. कला एवं संस्कृति....19-23
3. आर्थिक घटनाक्रम....24-32
4. अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम....33-37
5. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी....38-45
6. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी....46-53
7. विधेयक एवं अधिनियम....54-58
8. योजना एवं कार्यक्रम....59-65
9. बैठक एवं सम्मेलन....66-72
10. रिपोर्ट एवं सूचकांक....73-78
11. राज्य घटनाक्रम....79-91
12. खेल घटनाक्रम....92-102
13. नियुक्ति....103-104
14. निधन....105-106
15. पुरस्कार एवं सम्मान....107-113
16. युद्धाभ्यास....114-115
17. पोर्टल एवं ऐप....116-117
18. महत्वपूर्ण दिवस....118-123
19. पुस्तकें एवं लेखक....124
20. अंतरराष्ट्रीय संगठन....125-126
21. विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां....127-141
22. वनलाइनर करेंट अफेयर्स....142-170
23. 500 समसामयिक प्रश्न....171-192

# 01 राष्ट्रीय घटनाक्रम

## अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय का निर्णय

- 11 दिसंबर, 2023 को मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा।
- संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर, 2024 से पहले विधान सभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है।
- पीठ के अनुसार संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था तथा पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के पास कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं थी।
- अनुच्छेद 370 एक असममित संघवाद की विशेषता थी, न कि संप्रभुता की। साथ ही यह संविधान की स्थायी विशेषता भी नहीं थी।
- न्यायालय ने यह भी कहा कि भारतीय संविधान को जम्मू एवं कश्मीर राज्य में लागू करने के लिए राज्य सरकार की सहमति की आवश्यकता नहीं है।
- अनुच्छेद 370(3) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एकतरफा अधिसूचना जारी कर अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त कर सकते हैं।

## फास्ट ट्रैक विशेष अदालत योजना का विस्तार

- 29 नवंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए 'फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों' (FTSC) की केन्द्र प्रायोजित योजना (CSS) को जारी रखने को मंजूरी दे दी।
- इसमें 1952.23 करोड़ रुपये का वित्तीय परिव्यय शामिल होगा, जिसमें केन्द्र का हिस्सा 1207.24 करोड़ रुपये है। केन्द्र के हिस्से का वित्त पोषण निर्भया फंड से किया जाना है।
- फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों के लिए केंद्र प्रायोजित योजना 2 अक्टूबर, 2019 को शुरू की गई थी।
- ये न्यायालय देश के दूरदराज क्षेत्रों सहित पूरे देश में यौन अपराधों की असहाय पीड़ितों को समयबद्ध न्याय प्रदान करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों के प्रयासों का समर्थन करते हैं।
- 30 राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों ने इस योजना में भाग लिया है और 414 विशिष्ट पोक्सो अदालतों सहित 761 एफटीएससी की शुरुआत की है, जिन्होंने 1,95,000 से अधिक मामलों का निपटान किया है।
- इसे कानून एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

## राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते

- 10 नवंबर, 2023 को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में कहा कि 'राज्यपाल किसी विधेयक को बिना किसी कार्रवाई के अनिश्चित काल तक लंबित रखने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं'।
- सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को विधेयक पर तीन विकल्प प्रदान करता है - प्रस्तावित कानून पर सहमति, सहमति रोकना अथवा राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक को आरक्षित करना।
- अनुच्छेद 200 में यह प्रावधान है कि राज्यपाल रोके गए विधेयक को, यदि वह धन विधेयक नहीं है, संशोधन का सुझाव देने वाले संदेश के साथ विधानसभा को पुनर्विचार के लिए यथाशीघ्र वापस भेज सकता है।
- न्यायालय ने कहा कि "राज्यपाल, एक मार्गदर्शक के रूप में, विधेयक की संपूर्णता अथवा उसके किसी भी भाग पर पुनर्विचार की सिफारिश कर सकता है तथा संशोधन की वांछनीयता की ओर संकेत भी कर सकता है।
- हालांकि, संदेश में निहित राज्यपाल की सलाह को स्वीकार करने अथवा नहीं करने पर अंतिम निर्णय की शक्ति केवल विधायिका में निहित है।

## भारत का पहला क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्टूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद में भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) का उद्घाटन किया। यह भारत की पहली सेमी-हाई-स्पीड क्षेत्रीय रेल सेवा है।
- वंदे भारत की तर्ज पर इसका नाम 'नमो भारत' रखा गया है।
- प्रथम चरण में यह रेल सेवा 17 किलोमीटर लम्बी होगी, जो गाजियाबाद के साहिबाबाद से दोहाई डिपो के बीच संचालित की जाएगी।
- प्रथम चरण में 5 स्टेशन होंगे, ये स्टेशन हैं- साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई-डिपो।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 मार्च, 2019 को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर की आधारशिला रखी गई थी।
- रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) भारत की पहली सेमी-हाई-स्पीड क्षेत्रीय रेल सेवा परियोजना है, जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (National Capital Region Transport Corporation - NCRTC) द्वारा संचालित किया जाएगा।

# 02 कला एवं संस्कृति

## सांस्कृतिक विरासत सूची में 'गरबा' नृत्य शामिल

- संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने गुजरात के पारंपरिक 'गरबा' नृत्य को अपनी सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने का निर्णय लिया है। गुजरात का गरबा नृत्य इस सूची में शामिल होने वाला भारत का 15वां अमूर्त सांस्कृतिक विरासत है।
- यह नृत्य सामाजिक और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।
- यह महिलाओं द्वारा पानी से भरे हुए मिट्टी के बर्तन को सर पर रखकर किया जाने वाला नृत्य है।

## फ्रांस में तिरुवल्लुवर की प्रतिमा का अनावरण

- 10 दिसंबर, 2023 को फ्रांस के सेर्गी में तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर की प्रतिमा का अनावरण किया गया।
- तिरुवल्लुवर दक्षिण भारत के महान संत थे। इन्हें दक्षिण भारत का कबीर भी कहा जाता है।
- तिरुवल्लुवर ने संगम साहित्य में 'तिरुक्कुरल' या 'कुराल' की रचना की थी। तिरुक्कुरल की तुलना विश्व के प्रमुख धर्मों की महान पुस्तकों से की गई है। शैव, वैष्णव, बौद्ध और जैन सहित हर मत के लोग तिरुवल्लुवर को मानते थे।

## त्रिशूर पूरम

- 30 अप्रैल से 1 मई 2023 के दौरान केरल के वडक्कुनाथन मंदिर में त्रिशूर पूरम उत्सव को मनाया गया। यह 36 घंटे लंबा चलने वाला त्यौहार है, जो त्रिशूर में थेक्किंकडू मैदानम में आयोजित किया जाता है। इस त्यौहार के दौरान 10 अन्य मंदिरों की प्रतीकात्मक बैठक भी आयोजित होती है तथा भाग लेने वाले मंदिरों की मूर्तियों को ले जाने वाले जुलूस भी निकाला जाता है।
- थेचिकोट्टुकावू रामचंद्रन और पंबड़ी राजन नाम के लोकप्रिय हाथियां इस वर्ष के उत्सव के मुख्य आकर्षण थे।

**त्रिशूर पूरम**

- त्रिशूर पूरम केरल में आयोजित एक वार्षिक हिंदू त्यौहार है। यह हर साल पूरम दिवस पर त्रिशूर के वडक्कुनाथन मंदिर में (अप्रैल-मई) के महीने में आयोजित किया जाता है।
- त्रिशूर पूरम को केरल में 'सभी उत्सवों की मां' (Mother of All Festivals) के रूप में संदर्भित किया जाता है।

## ओडिशा की बाली यात्रा उत्सव

- 27 नवंबर, 2023 को ओडिशा के कटक में ऐतिहासिक बाली यात्रा या बाली जात्रा का प्रारम्भ किया गया। यह 8 दिवसीय उत्सव है, कटक में महानदी के गडगड़िया घाट पर आयोजित किया जाता है।
- इस वर्ष के उत्सव के आयोजन में 35 फीट ऊंची और 100 फीट चौड़ी रेत की नाव का स्कल्पचर लगाया गया है।
- यह एशिया के सबसे बड़े खुले व्यापार मेले में से एक माना जाता है। बाली-यात्रा का शाब्दिक अर्थ 'बाली की यात्रा' है। यह उत्सव ओडिशा (तत्कालीन कलिंग) के समुद्री गौरवमयी इतिहास का प्रतीक माना जाता है।
- इस उत्सव की उत्पत्ति 1,000 साल से भी अधिक पुरानी है, जब प्राचीन कलिंग (वर्तमान ओडिशा) और बाली तथा अन्य दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रों के बीच समुद्री और सांस्कृतिक संबंध काफी प्रचलित थे।
- बंगाल की खाड़ी में अरब व्यापारियों और बाद में अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के आगमन के साथ कलिंग के समुद्री व्यापार में गिरावट शुरू हो गई। शासकों के संरक्षण की कमी के कारण इस क्षेत्र का समुद्री व्यापार पूरी तरह से समाप्त हो गया।

## वीर गाथा परियोजना का तीसरा संस्करण

- अक्टूबर, 2023 में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से वीर गाथा प्रोजेक्ट 3.0 का आयोजन किया।
- प्रोजेक्ट वीर गाथा की स्थापना वर्ष 2021 में वीरता पुरस्कार पोर्टल (GAP) के तहत की गई थी। इसके दो संस्करण क्रमश: 2021 और 2022 में आयोजित किए जा चुके हैं।
- इसका उद्देश्य छात्रों के बीच वीरता पुरस्कार विजेताओं की बहादुरी के कृत्यों और जीवन की कहानियों का विवरण प्रसारित करना है, ताकि देशभक्ति की भावना को बढ़ाया जा सके और उनमें नागरिक चेतना के मूल्यों को स्थापित किया जा सके।
- भारत सरकार द्वारा सशस्त्र बलों, अन्य कानूनी रूप से गठित बलों और नागरिक कार्मिकों की बहादुरी तथा बलिदान के कार्यों का सम्मान करने के लिए वीरता पुरस्कार स्थापित किए गए हैं।

## असम में काटी बिहू पर्व

- 18 अक्टूबर, 2022 को असम में काटी बिहू पर्व मनाया गया। असमिया कैलेंडर के अनुसार यह पर्व काटी मास में मनाई जाती है। इस त्यौहार को कोंगाली बिहू के नाम से भी जाना जाता है।
- असम के अन्य बिहू त्यौहारों की तरह काटी बिहू भी कृषि से संबंधित है। काटी बिहू, चावल के पौधों के स्थानांतरण के समय को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन तुलसी के पौधे की पूजा की जाती है। कोंगाली बिहू भारत के असम राज्य में मनाए जाने वाले तीन बिहू त्यौहारों में से एक है। प्रथम, भोगाली या माघ बिहू जो जनवरी महीने में मनाया जाता है।
- इसके बाद रोंगाली या बोहाग बिहू अप्रैल मास में और अंत में कोंगाली या काटी बिहू अक्टूबर महीने में मनाया जाता है।
- भोगाली बिहू, दावत का उत्सव है, रोंगाली बिहू, खुशी का उत्सव है; जबकि कोंगाली या काटी बिहू भोजन की कमी का उत्सव है।

# 04 अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम

## अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन परिषद् के लिए भारत पुन: निर्वाचित

भारत को अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) परिषद के लिए लंदन में 1 दिसंबर, 2023 को हुए चुनाव में 2024-25 द्विवार्षिक सत्र के लिए सर्वाधिक वोट के साथ पुन: चुन लिया गया।

- भारत 'अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे अधिक रुचि' वाले 10 देशों की श्रेणी में आता है।
- इन 10 देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) आते हैं।
- भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी 'अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सर्वाधिक रुचि' वाले 10 देशों में शामिल हैं।
- आईएमओ परिषद की 33वीं सभा 27 नवंबर से 6 दिसंबर, 2023 के बीच लंदन स्थित आईएमओ मुख्यालय में आयोजित की जा रही है।

**आईएमओ परिषद**

- परिषद आईएमओ का एक कार्यकारी निकाय है, जो कि संगठन के काम-काज की निगरानी के लिए उत्तरदायी होता है।
- अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) की स्थापना 17 मार्च, 1948 को जिनेवा सम्मेलन के दौरान एक समझौते के द्वारा की गई, इसका मुख्यालय लंदन में है।

## डोनाल्ड टस्क पोलैंड के नए प्रधानमंत्री

13 दिसंबर, 2023 को पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने डॉनल्ड टस्क को नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने प्रधानमंत्री पद पर माट्यूज मोराविकी का स्थान लिया।

- माट्यूज मोराविकी के 11 दिसंबर, 2023 को संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान के दौरान टस्क के पक्ष में 248 पड़े, जबकि 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया।
- टस्क यूरोपीय संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे वर्ष 2007 से 2014 तक पोलैंड के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।
- पोलैंड की संसद द्विसदनीय विधायिका है। यह एक उच्च सदन (सीनेट) और एक निचले सदन (सेजम) से मिलकर बनी है।

## अल सीसी तीसरी बार मिस्र के राष्ट्रपति चुने गए

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति के रूप में चुने गए हैं।

- मिस्र की नेशनल इलेक्शन अथॉरिटी ने 18 दिसंबर, 2023 को बताया कि राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी को चुनाव में 89.6% मत प्राप्त हुए हैं।
- अल-सीसी विगत 9 वर्ष से मिस्र के राष्ट्रपति हैं। अब वह अगले 6 वर्ष तक के लिए इस पद पर बने रहेंगे। मिस्त्र में 10-12 दिसंबर, 2023 को संपन्न चुनाव में रिकॉर्ड 66.8 प्रतिशत मतदान हुआ था।
- मिस्र में वर्ष 2019 में संविधान संशोधन के जरिये राष्ट्रपति के कार्यकाल को 4 वर्ष से बढ़ाकर 6 वर्ष कर दिया गया था।

## 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस

16-17 नवंबर, 2023 के मध्य भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जकार्ता, इंडोनेशिया में 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (ADMM-Plus) में भाग लिया। इंडोनेशिया एडीएमएम-प्लस का वर्तमान अध्यक्ष है।

- एडीएमएम-प्लस (ADMM-Plus) 10 आसियान सदस्य देशों एवं 8 संवाद भागीदार देशों के मध्य सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक मंच है।
- 8 संवाद भागीदार देशों में- भारत, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। आसियान के 10 देशों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल है।

## 7वां फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव

24-25 अक्टूबर, 2023 को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में 'द न्यू कंपास' (The New Compass) थीम के तहत '7वां फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव' (7th Future Investment Initiative: FII7) फोरम आयोजित किया गया।

- इस कार्यक्रम में 90 से अधिक देशों के 6,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, भारत की ओर से केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस सम्मेलन में प्रतिभाग किया।
- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 'द कमिंग इन्वेस्टमेंट मैंडेट' (The Coming Investment Mandate) विषय पर एक पूर्ण सत्र में FII के 7वें संस्करण को संबोधित किया।

## ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट-2023

17-19 अक्टूबर, 2023 के मध्य मुंबई में 'ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट-2023' (Global Maritime India Summit-2023) के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया।

- 17 अक्टूबर, 2023 को समिट के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की समुद्री ब्लू इकोनॉमी (Maritime Blue Economy) के लिए एक ब्लूप्रिंट 'अमृत काल विजन 2047' (Amrit Kaal Vision 2047) का अनावरण किया।
- प्रधानमंत्री द्वारा जारी किए 'अमृत काल विजन 2047' नामक ब्लूप्रिंट में बंदरगाह सुविधाओं को बढ़ाने, टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से रणनीतिक पहल की रूपरेखा तैयार की गई है।

# 05 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## भारत का पहला आर्कटिक शीतकालीन अभियान

- 18 दिसंबर, 2023 को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने 'भारतीय शीतकालीन आर्कटिक अभियान' (Indian Winter Arctic Expedition) को हरी झंडी दिखाई।
- आर्कटिक के लिए भारत के पहले शीतकालीन वैज्ञानिक अभियान में निम्नलिखित चार वैज्ञानिक शामिल हैं-
  1. राष्ट्रीय अंटार्कटिक एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र (NCPOR), गोवा की अतुल्या आर.,
  2. रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरू के गिरीश बी. एस.,
  3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मंडी के प्रशांत रावत तथा
  4. भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे के सुरेंद्र सिंह।
- भारत आर्कटिक में 2008 से हिमाद्रि नामक एक अनुसंधान आधार केंद्र संचालित कर रहा है, जो ज्यादातर ग्रीष्मकाल (अप्रैल से अक्टूबर) के दौरान वैज्ञानिकों की मेजबानी करता रहा है।
- पृथ्वी के ध्रुवों (आर्कटिक और अंटार्कटिक) पर भारतीय वैज्ञानिक अभियानों को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ध्रुवीय विज्ञान एवं क्रायोस्फीयर अनुसंधान (PACER) योजना के तहत, राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र (NCPOR), गोवा द्वारा समर्थन प्रदान किया जाता है।

## ग्लोबल रिवर सिटीज अलायंस (GRCA) का शुभारंभ

- 10 दिसंबर, 2023 को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में आयोजित कॉप-28 सम्मेलन में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के नेतृत्व में ग्लोबल रिवर सिटीज अलायंस (GRCA) का शुभारंभ किया गया था।
- जीआरसीए एक अनूठा गठबंधन है, जो 11 देशों के 275+ वैश्विक नदी-शहरों, अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण एजेंसियों और ज्ञान प्रबंधन भागीदारों को शामिल करता है।
- यह शहरी क्षेत्रों में नदी-केंद्रित विकास को बढ़ावा देने के लिए एवं नेटवर्क बनाने के लिए एक मंच है।
- ग्लोबल रिवर सिटीज अलायंस (GRCA), भारत के रिवर सिटीज एलायंस से प्रेरित है।
- रिवर सिटीज एलायंस, भारत में नदियों के किनारे स्थित शहरों के सतत प्रबंधन का एक विचार मंच है।
- इसे नवंबर 2021 में जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के द्वारा स्थापित किया गया है।

## प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष

- 3-5 नवंबर, 2023 के बीच राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (National Tiger Conservation Authority - NTCA) और सांकला फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली में 'साइलेंट कन्वर्सेशनः फ्रॉम मार्जिन्स टू द सेंटर' विषय के साथ कला प्रदर्शनी का आयोजन किया।
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 नवंबर, 2023 को किया था। इस प्रदर्शनी का आयोजन प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने अवसर पर किया गया है।
- वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा 1972 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (Wildlife Protection Act) लागू किया गया।
- प्रोजेक्ट टाइगर के तहत कवर किए गए शुरुआती रिजर्व जिम कॉर्बेट, मानस, रणथंभौर, सिमलीपाल, बांदीपुर, पलामू, सुंदरबन, मेलघाट और कान्हा राष्ट्रीय उद्यान थे।

## पिग्मी हॉग का संरक्षण

- असम के मानस राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में हाल ही में 18 कैप्टिव-ब्रीड के पिग्मी हॉग (Pygmy Hog) छोड़े गए। इस प्रकार वर्तमान में मानस राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में इनकी संख्या 54 हो गई है।
- यह पहल पिग्मी हॉग संरक्षण कार्यक्रम (PHCP) के तहत की गई है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक मानस राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में इनकी संख्या को बढ़ाकर 60 करना है।
- पिग्मी हॉग संरक्षण कार्यक्रम (PHC Programme) यूनाइटेड किंगडम स्थित ड्यूरेल वन्यजीव संरक्षण ट्रस्ट द्वारा समर्थित है।
- इस कार्यक्रम की शुरुआत 1996 में गुवाहाटी के पास मानस नेशनल पार्क के बंसबारी रेंज (Bansbari Range) से पकड़े गए दो नर और दो मादा पिग्मी हॉग के साथ की गई थी।

## वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन

- 9 सितंबर, 2023 को जी20 शिखर बैठक ने दौरान वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) का शुभारंभ किया गया।
- भारत की पहल पर लॉन्च किए गए 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का उद्देश्य जैव-ईंधन के उपयोग की दिशा में आगे बढ़ने और इसे व्यापक तौर पर अपनाने के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने वाले मंच के रूप में कार्य करना है।
- **GBA के सदस्य देशः** जीबीए के सदस्यों में 19 देश और 12 अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। सदस्यों का विवरण निम्नलिखित है-
  - **G20 समूह के 7 देशः** अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, भारत, इटली, दक्षिण-अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका।
  - **G20 समूह द्वारा आमंत्रित 4 देशः** बांग्लादेश, सिंगापुर, मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात।

# 06 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## नौसैन्य पोत 'तारमुगली' भारतीय नौसेना में शामिल

- भारतीय नौसेना ने 14 दिसंबर, 2023 को पूर्वी नौसेना कमान के संरक्षण में नौसैन्य डॉकयार्ड विशाखापत्तनम में 'आईएनएस तारमुगली' (INS Tarmugli) पोत को शामिल किया।
- वर्ष 2006 में यह युद्धपोत भारत सरकार द्वारा मॉलदीव नौसेना रक्षा बल को उपहार में दिया गया था। युद्धपोत को मई 2023 में भारतीय नौसेना को वापस कर दिया गया था।
- यह युद्धपोत त्रिकांत श्रेणी का त्वरित प्रतिक्रिया एवं हमले में सक्षम एक पोत है।
- इसका उपयोग भारत के पूर्वी तट के साथ कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन क्षेत्र में तटीय निगरानी के लिए किया जाएगा।

## वायु रक्षा मिसाइल सिस्टम : समर (SAMAR)

- भारतीय वायु सेना ने 17 दिसंबर, 2023 को वायु सेना स्टेशन सूर्यलंका में आयोजित अभ्यास अस्त्रशक्ति-2023 (Astrashakti 2023) के दौरान 'समर' (SAMAR) वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का सफल फायरिंग परीक्षण किया।
- वायु रक्षा प्रणाली 'SAMAR' (सतह से सुनिश्चित प्रतिशोध हेतु वायु मिसाइल) को भारतीय वायु सेना के रख-रखाव कमान के तहत एक इकाई द्वारा विकसित किया गया है।
- 'समर' छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जो रूसी मूल की विम्पेल आर-73 और आर-27 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग करती है।

## अमेरिका द्वारा विश्व की पहली चिकनगुनिया वैक्सीन को मंजूरी

- अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन (FDA) ने 9 नवंबर, 2023 को चिकनगुनिया के पहले टीके 'इक्स्चिक' (Ixchiq) को मंजूरी दी।
- इस टीके को फ्रांसासी बायोटेक कंपनी वेलनेवा ने तैयार किया है।
- चिकनगुनिया वायरस इंसान में मुख्य रूप से संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है।
- इस बीमारी में बुखार, जोड़ों का दर्द, सिर दर्द, जोड़ों में सूजन होती है और स्किन पर दाने हो जाते हैं।

## बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) 'प्रलय' का सफल परीक्षण

- 7 नवंबर, 2023 को ओडिशा तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) 'प्रलय' का सफल परीक्षण किया गया।
- 'प्रलय' मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।
- 'प्रलय' 350-500 किमी. की कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी भार क्षमता 500-1,000 किलोग्राम है।

## खसरा और रूबेला वैक्सीन- 'माबेला'

- 25 नवंबर, 2023 को इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स ने बच्चों के लिए खसरा और रूबेला वैक्सीन 'माबेला' (Mabella) लॉन्च किया।
- वियतनाम के पॉलीवैक इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी में विकसित इस वैक्सीन को आईआईएल डिविजन ह्यूमन बायोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के 25वें समारोह के एक भाग के रूप में ऊटी, तमिलनाडु में लॉन्च किया गया।
- इस वैक्सीन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर लगभग 10 लाख बच्चों की जान लेने वाले खसरा और रूबेला को नियंत्रित करने की आवश्यकता को पूरी करने में मदद मिलेगी।
- स्वदेशी वैक्सीन की आवश्यकता को देखते हुए वर्ष 1998 में IIL के एक प्रभाग- 'ह्यूमन बायोलॉजिकल इंस्टीट्यूट' की स्थापना की गई थी।

## आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य पहल

- 22 नवंबर, 2023 को आयुष मंत्रालय के तहत केंद्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS) ने नई दिल्ली में आयुर्वेद के क्षेत्र में अभ्यास करने वाले चिकित्सकों के लिए 'आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य पहल' शुरू की है।
- इस पहल को 'मिशन अग्नि' के नाम से जाना जाता है।
- इसका उद्देश्य आयुर्वेद चिकित्सकों में नवाचारों संबंधी ज्ञान में वृद्धि करनी है। AGNI के द्वारा अनुप्रयोगों के माध्यम से एक व्यापक डेटाबेस बनाने में सहयोग करने के इच्छुक आयुर्वेद चिकित्सकों की पहचान करेगी।

### केंद्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS)

- यह भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- यह आयुर्वेदिक विज्ञान में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान करने, समन्वय करने, तैयार करने, विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत में एक शीर्ष निकाय है।

## थ्रॉटल एयरोस्पेस को बहुउद्देश्यीय ड्रोन हेतु टाइप-प्रमाणन

- 1 नवंबर, 2023 को 'थ्रॉटल एयरोस्पेस सिस्टम्स' (TAS) को अपने बहुउद्देश्यीय ड्रोन डीओपीओ के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) से टाइप-सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है।
- थ्रॉटल एयरोस्पेस सिस्टम्स (TSA) 'रतनईंडिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड' का एक हिस्सा है। DOPO ड्रोन 49 मिनट की उड़ान के साथ पांच किलोग्राम से कम वजन वाला एक छोटी श्रेणी का ड्रोन है।
- यह ड्रोन 32.4 किलोमीटर प्रति घंटे की एरियल गति से यात्रा कर सकता है और अधिकतम 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर काम कर सकता है।

# 07

# विधेयक एवं अधिनियम

## दूरसंचार विधेयक, 2023

- 21 दिसंबर, 2023 को राज्य सभा द्वारा पारित किये जाने के पश्चात 'दूरसंचार विधेयक, 2023' (Telecommunications Bill, 2023) को संसद के दोनों सदनों की मजूरी प्राप्त हो गई; इसे 20 दिसंबर, 2023 को लोक सभा द्वारा पारित किया गया था।
- इस विधेयक का उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार एवं संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना है।
- यह विधेयक 138 वर्ष पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 की जगह लेगा, जो दूरसंचार क्षेत्र को नियंत्रित करता है।
- विधेयक में सरकार को उपभोक्ताओं के हित, बाजार में प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने, दूरसंचार नेटवर्क की उपलब्धता या निरंतरता तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रवेश शुल्क, लाइसेंस शुल्क, जुर्माना आदि माफ करने की शक्ति प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।
- विधेयक में दूरसंचार कंपनियों के लिए अनुपयोगी स्पेक्ट्रम को सरकार को लौटाने, शेयरिंग, ट्रेडिंग और लीज पर देने की अनुमति भी दिये जाने का प्रावधान है।

## केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023

- संसद के दोनों सदनों द्वारा केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023 को मंजूरी प्रदान की गई।
- राज्य सभा में इसे 20 दिसंबर, 2023 को तथा लोक सभा में 19 दिसंबर, 2023 को पारित किया गया।
- यह विधेयक केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) विधेयक 2017 के प्रावधानों में संशोधन करता है। इससे केन्द्र सरकार को अपीलीय अधिकरण की स्थापना का अधिकार मिल जाएगा।
- अधिकरण के सदस्यों की नियम और सेवा शर्तों के मानकीकरण का कार्य जारी है और इसी के अनुरूप यह विधेयक पेश किया गया है।

## मध्यस्थता अधिनियम, 2023

- 14 सितंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्वारा मध्यस्थता अधिनियम, 2023 (Mediation Act, 2023) को मंजूरी प्रदान की गई; इसे अगस्त 2023 में संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था।
- इस अधिनियम का उद्देश्य वाणिज्यिक तथा अन्य विवादों हेतु मध्यस्थता की प्रक्रिया को संस्थागत बनाना है तथा इसका लक्ष्य मध्यस्थता कार्यवाही में लगने वाले समय को कम करना है।
- अधिनियम के अनुसार ऐसे विवाद जो मध्यस्थता के लिए उपयुक्त नहीं हैं:
  (i) नाबालिगों या विकृत मस्तिष्क वाले व्यक्तियों से संबंधित मामले,
  (ii) आपराधिक मुकदमा चलाने से संबंधित मामले और
  (iii) तृतीय पक्ष के अधिकारों को प्रभावित करने से संबंधित मामले।
- **मध्यस्थता प्रक्रिया:** मध्यस्थता कार्यवाही गोपनीय होगी तथा इसे 180 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।
- **भारतीय मध्यस्थता परिषद:** केंद्र सरकार भारतीय मध्यस्थता परिषद (Mediation Council of India) की स्थापना करेगी।
- परिषद में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य (मध्यस्थता या वैकल्पिक्क विवाद समाधान में अनुभव रखने वाले व्यक्ति), तीन पदेन सदस्य (विधि सचिव और व्यय सचिव सहित) तथा एक उद्योग निकाय से संबंधित अंशकालिक सदस्य शामिल होंगे।

## फार्मेसी (संशोधन) अधिनियम, 2023

- 15 अगस्त, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा फार्मेसी (संशोधन) अधिनियम, 2023 [The Pharmacy (Amendment) Act, 2023] को मंजूरी प्रदान की गई; विधेयक के रूप में इसे 7 अगस्त, 2023 को लोक सभा द्वारा तथा 10 अगस्त, 2023 को राज्य सभा द्वारा पारित किया गया था।
- इस संशोधन अधिनियम के द्वारा फार्मेसी अधिनियम, 1948 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन का उद्देश्य भारत में फार्मेसी के प्रैक्टिस एवं पेशे को सुव्यवस्थित करना है।
- फार्मेसी अधिनियम, 1948 फार्मासिस्ट के रूप में काम करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए दिशा-निर्देश का निर्धारण करता है।
- वहीं संशोधन अधिनियम मूल फार्मेसी अधिनियम में एक नया खंड 'धारा 32 C' शामिल करता है।
- यह उन व्यक्तियों के लिए एक विशेष प्रावधान पर केंद्रित है, जो जम्मू एवं कश्मीर फार्मेसी अधिनियम, 2011 के तहत पंजीकृत हैं।
- मान्यता का लाभ लेने के लिए, अधिनियम में कहा गया है कि पात्र व्यक्तियों को संशोधन लागू होने के एक वर्ष के भीतर पंजीकरण आवेदन जमा करना होगा। इसके अतिरिक्त, आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में एक निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

## संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2023

- 12 अगस्त, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2023 [The Constitution (Scheduled Castes) Order (Amendment) Act, 2023] को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई, इसके साथ ही इसे अधिनियम के रूप में मान्यता प्राप्त हो गया।
- विधेयक के रूप में इसे 9 अगस्त, 2023 को राज्य सभा द्वारा तथा 1 अगस्त, 2023 को लोक सभा द्वारा पारित किया गया था। यह अधिनियम संविधान अनुसूचित जाति आदेश-1950 [Constitution (Scheduled Caste) Order, 1950] के छत्तीसगढ़ राज्य में लागू करने के विषय में संशोधन प्रस्तावित करता है।
- इस अधिनियम में छत्तीसगढ़ में मेहरा (Mehra), महार (Mahar) और मेहर (Mehar) समुदायों के पर्यायवाची के रूप में महारा और महरा समुदायों को शामिल करने का प्रावधान किया गया है।

# 08 योजना एवं कार्यक्रम

## 'ग्रीन राइजिंग' पहल का शुभारंभ

- यूनिसेफ की एक संस्था 'जेनरेशन अनलिमिटेड' ने भारत के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से 8 दिसंबर, 2023 को दुबई में कॉप-28 जलवायु सम्मेलन के दौरान 'ग्रीन राइजिंग' पहल का शुभारंभ किया।
- ग्रीन राइजिंग पहल और ग्रीन राइजिंग इंडिया अलायंस का आयोजन यूनिसेफ, जनरेशन अनलिमिटेड और सार्वजनिक, निजी क्षेत्र तथा युवा सहयोगियों की मदद से किया गया।
- इस पहल का उद्देश्य विश्व भर में युवाओं को विभिन्न हरित पहलों में भागीदारी तथा अपने आपको जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल ढालने के लिए प्रोत्साहित करना है।
- युवा अभियान के माध्यम से भारत में मिशन लाइफ मूवमेंट से प्रेरणा लेकर जमीनी स्तर पर प्रभावशाली पर्यावरणीय कार्यों में युवाओं को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान

- 29 नवंबर, 2023 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,104 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (PM-JANMAN) को मंजूरी दे दी है।
- प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर, 2023 को झारखंड के खूंटी में इस अभियान की घोषणा की गई थी।
- आयुष मंत्रालय मौजूदा मानदंडों के अनुसार आयुष कल्याण केंद्र स्थापित करेगा, और मोबाइल चिकित्सा इकाइयों के माध्यम से आयुष सुविधाओं को विशेष रूप से सुभेद्य जनजातीय समूह (PVTG) की बस्तियों तक बढ़ाया जाएगा।
- कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय इन समुदायों के उपयुक्त कौशल के अनुसार पीवीटीजी बस्तियों, बहुउद्देशीय केंद्रों तथा छात्रावासों में कौशल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा।

## 'नेशनल एफिशिएंट कुकिंग प्रोग्राम' तथा 'एनर्जी एफिशिएंट फैन्स प्रोग्राम'

- 2 नवंबर, 2023 को ऊर्जा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संयुक्त उद्यम 'एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड' (EESL) द्वारा 'नेशनल एफिशिएंट कुकिंग प्रोग्राम' (NECP) और 'एनर्जी एफिशिएंट फैन्स प्रोग्राम' (EEFP) का शुभारंभ किया गया।
- नेशनल एफिशिएंट कुकिंग प्रोग्राम (NECP) 'स्वच्छ पाक कला योजना' की एक उप-योजना है।
- ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL) ने इंडक्शन कुकटॉप्स के उपयोग में व्यापक वृद्धि हेतु 'मॉडर्न एनर्जी कुकिंग सर्विसेज' (MECS) के साथ भी साझेदारी की है।
- 'एनर्जी एफिशिएंट फैन्स प्रोग्राम' (EEFP) से न केवल ऊर्जा की खपत और पर्यावरणीय प्रभाव में कमी आएगी, बल्कि यह बिजली के बिल में कमी करके उपभोक्ताओं को लाभ प्रदान करेगा।
- ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE), जो एक वैधानिक निकाय है, ने 1 जनवरी, 2023 से सीलिंग पंखों की स्टार-लेबलिंग अनिवार्य कर दी है।

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 'लीप अहेड' पहल

- 6 नवंबर, 2023 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने लीप अहेड (LEAP AHEAD) पहल आरंभ की।
- यह पहल 'सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया' (STPI) और 'द इंडस एंटरप्रेन्योर्स' (TIE) के संयुक्त सहयोग के रूप में है।
- इस पहल की सहायता से उत्पादों के विविधीकरण के साथ-साथ नए भौगोलिक स्थानों में अपने उद्यम के विस्तार की योजना बनाने में मदद मिलेगी।
- पहल के तहत, स्टार्टअप 1 करोड़ रुपये तक की फंडिंग सहायता और तीन महीने के समग्र संरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से लाभान्वित हो सकते हैं।
- इसके अलावा, यह पहल अनुभवी निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ मार्गदर्शन सत्र के माध्यम से स्टार्ट-अप को एक व्यापक नेटवर्क और व्यक्तिगत मार्गदर्शन तक पहुंच प्रदान करेगी।

## रैपिड इनोवेशन एंड स्टार्टअप एक्सपेंशन (RISE) कार्यक्रम

- 21 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में नीति आयोग के तहत अटल इनोवेशन मिशन ने 'रैपिड इनोवेशन एंड स्टार्टअप एक्सपेंशन' (RISE) नामक एक नये त्वरक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- यह कार्यक्रम भारत एवं ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने वाले स्टार्टअप तथा लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों (Startups and SMEs) के लिए लाया गया है।
- कार्यक्रम को ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी, भारत-ऑस्ट्रेलिया राइज एक्सेलेरेटर और भारत के अटल इनोवेशन मिशन के बीच साझेदारी में शुरू किया गया है।
- इस कार्यक्रम को निम्नलिखित क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्ट-अप में तेजी लाने के लिए तैयार किया जाएगा-जलवायु स्मार्ट कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, सर्कुलर इकोनॉमी और अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु स्मार्ट गतिशीलता (Mobility)।

## पशुधन क्षेत्र में क्रेडिट गारंटी योजना

- मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने जुलाई 2023 में पशुधन क्षेत्र में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) के लिये संपार्श्विक-मुक्त ऋण की सुविधा (Collateral-Free Loan Facility) हेतु 'पशुपालन अवसंरचना विकास निधि' (AHIDF) के तहत प्रथम 'क्रेडिट गारंटी योजना' शुरू की है।

09

# बैठक एवं सम्मेलन

## संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन : कॉप 28

- 30 नवंबर से 13 दिसंबर, 2023 तक यूएई के दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के 28वें सत्र 'कॉप 28' (COP28) का आयोजन किया गया।
- कॉप 28 जलवायु वार्ता एक नए समझौते के साथ संपन्न हुई है, जिसे 'यूएई आम सहमति' (UAE Consensus) का नाम दिया गया है।
- यूएई कंसेंसस, वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने के लिए एक ठोस योजना की रूपरेखा तैयार करने वाले उपायों का एक ऐतिहासिक सेट है।
- कॉप 28 सम्मेलन का एक प्रमुख परिणाम 'हानि एवं क्षति कोष' (Loss and Damage Fund) के संचालन संबंधी समझौते का संपन्न होना है।
- कॉप 28 में हानि एवं क्षति कोष के शासी प्रपत्र को मंजूरी दी गई तथा निर्णय लिया गया कि इस कोष को एक नए, समर्पित और स्वतंत्र सचिवालय द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी।
- यह भी निर्णय लिया गया कि इस फंड की देखरेख और संचालन एक बोर्ड द्वारा किया जाएगा।
- कॉप 28 में 'हानि एवं क्षति को रोकने, न्यूनतम करने और संबोधित करने के लिए सैंटियागो नेटवर्क' पर निर्णय लिया गया।
- यह नेटवर्क जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जुड़े प्रासंगिक दृष्टिकोणों के कार्यान्वयन के लिए संबंधित संगठनों, निकायों, नेटवर्क और विशेषज्ञों की तकनीकी सहायता को उत्प्रेरित करेगा।
- 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय' (UNDRR) तथा 'परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय' (UNOPS) के संयुक्त संघ को 5 वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए सैंटियागो नेटवर्क सचिवालय के मेजबान के रूप में चुना गया है।

## 2023 APEC आर्थिक नेताओं की बैठक

- 16-17 नवंबर, 2023 को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में 'सभी के लिए एक लचीला और टिकाऊ भविष्य बनाना' (Creating a Resilient and Sustainable Future for All) नामक थीम के साथ '2023 APEC आर्थिक नेताओं की बैठक' (2023 APEC Economic Leaders Meeting) आयोजित की गई।
- इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा की गई थी।
- बैठक में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, चिली, पेरू, इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम तथा हांगकांग के नेताओं ने हिस्सा लिया।
- 17 नवंबर, 2023 को 21 'एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) के सदस्य देशों ने बैठक के समापन पर 'गोल्डन गेट घोषणा' (Golden Gate Declaration) पर सहमति व्यक्त की।
- यह घोषणा सभी सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के लिये एक लचीला और टिकाऊ भविष्य बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## दूसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन

- 17 नवंबर, 2023 को भारत की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से दूसरा 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन' (2nd Voice of Global South Summit: VOGSS) आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दक्षिण' (DAKSHIN) नामक वैश्विक दक्षिण देशों के लिए एक वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र (Global Centre for Excellence) का उद्घाटन किया।
- यह केंद्र ज्ञानकोश तथा थिंक टैंक के रूप में कार्य करके विकासशील देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा।
- बैठक में 8 मंत्रिस्तरीय सत्र आयोजित किए गए। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' पर केंद्रित था।
- जबकि समापन सत्र में 'ग्लोबल साउथ: टुगेदर फॉर वन फ्यूचर' (Global South: Together for One Future) पर जोर दिया गया।
- सम्मेलन में लैटिन अमेरिका और केरिबियन देशों से लेकर, अफ्रीका, एशिया और पैसिफिक आइलैंड से करीब-करीब 130 देशों ने भाग लिया।
- इसका प्रथम शिखर सम्मेलन जनवरी 2023 में आयोजित किया गया था। यह सम्मेलन राष्ट्रों के बीच एकजुटता को बढ़ावा देने और ग्लोबल साउथ में भारत के नेतृत्व को सशक्त बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## प्रथम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुरक्षा सम्मेलन

- 1-2 नवंबर, 2023 को इंग्लैंड के बकिंघम में विश्व का 'प्रथम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुरक्षा सम्मेलन' (First Artificial Intelligence Safety Summit) आयोजित किया गया।
- घोषणा में नवीनतम और सबसे शक्तिशाली एआई सिस्टम के लिए एक शब्द 'फ्रंटियर एआई' (Frontier AI) को विनियमित करने पर जोर दिया गया है।
- यह घोषणा मानवाधिकारों की सुरक्षा, पारदर्शिता, व्याख्यात्मकता, निष्पक्षता, जवाबदेही, विनियमन, सुरक्षा, मानवीय निरीक्षण, नैतिकता, पूर्वाग्रह शमन, गोपनीयता और डेटा सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालती है।
- दुनिया का पहला 'एआई सुरक्षा संस्थान' (AI Security Institute) यूके में लॉन्च किया गया है, जिसका काम AI के उभरते प्रकारों की सुरक्षा का परीक्षण करना है।

## विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आयोग का सम्मेलन

- 13-16 नवंबर, 2023 के मध्य विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) के एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय आयोग का 33वां सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

# 10

# रिपोर्ट एवं सूचकांक

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स : सस्टेनेबिलिटी 2024

- ब्रिटिश फर्म क्वाकरैली साइमंड्स (QS) ने 5 दिसंबर, 2023 को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग-2024 जारी की।
- सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग के अनुसार दिल्ली यूनिवर्सिटी देश का शीर्ष विश्विद्यालय है। दिल्ली यूनिवर्सिटी को ओवरऑल 220वीं रैंक प्राप्त हुई है।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में टोरंटो यूनिवर्सिटी पहले स्थान पर है।
- अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले (यूसीबी) और ब्रिटेन की मैनचेस्टर विश्वविद्यालय क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2024

- दिसंबर 2023 में जारी जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) 2024 में भारत को 7वें स्थान पर रखा गया है।
- देश ने पिछली रैंकिंग से एक रैंक का सुधार किया है और सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले देशों में बना हुआ है।
- सूचकांक 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों का मूल्यांकन करता है, जो 90 प्रतिशत से अधिक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कवर करता है।
- इस सूचकांक में सबसे बड़ा प्रदूषक चीन 51वें नंबर पर, जबकि दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक अमेरिका 57वें नंबर पर है।

## फोर्ब्स 2023: विश्व की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची

- दिसंबर 2023 में बिजनेस पत्रिका फोर्ब्स (Forbes) ने वर्ष 2023 के लिए विश्व की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची जारी की है। इस लिस्ट में 4 भारतीय महिलाओं को शामिल किया गया है।
- फोर्ब्स की इस वार्षिक सूची में नामित 100 महिलाओं में भारत से निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा, सोमा मंडल और किरण मजूमदार-शॉ को शामिल किया गया है।
- सीतारमण ने लगातार 5वें साल इस सूची में जगह बनाई हैं और वे 32वें स्थान पर हैं।
- यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को फोर्ब्स ने पहला स्थान दिया है।
- इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर यूरोपीय सेंट्रल बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड हैं, वे यूरोपीय सेंट्रल बैंक की प्रमुख बनने वाली पहली महिला हैं।

## बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी-2023

- 26 नवंबर, 2023 को केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने 'बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी-2023' जारी की।
- 2022-23 के दौरान देश में कुल दूध उत्पादन 230.58 मिलियन टन होने का अनुमान है। उत्पादन की दृष्टि से शीर्ष दुग्ध उत्पादक राज्यों में उत्तर प्रदेश (15.72%) > राजस्थान (14.44%) > मध्य प्रदेश (8.73%) > गुजरात (7.49%) > आंध्र प्रदेश (6.70%) शामिल हैं।
- 2022-23 के दौरान देश में कुल अंडा उत्पादन 138.38 बिलियन (संख्या) होने का अनुमान लगाया गया है।
- आंध्र प्रदेश (20.13%) > तमिलनाडु (15.58%) > तेलंगाना (12.77%), पश्चिम बंगाल (9.94%) > कर्नाटक (6.51%) शीर्ष अंडा उत्पादक राज्य हैं।
- 2022-23 के दौरान देश में कुल मांस उत्पादन 9.77 मिलियन टन होने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश (12.20%) > पश्चिम बंगाल (11.93%) > महाराष्ट्र (11.50%) > आंध्र प्रदेश (11.20%) > तेलंगाना (11.06%) शीर्ष मांस उत्पादक राज्य हैं।
- 2022-23 के दौरान देश में कुल ऊन उत्पादन 33.61 मिलियन किलोग्राम होने का अनुमान है। राजस्थान (47.98%) > जम्मू एवं कश्मीर (22.55%) > गुजरात (6.01%) > महाराष्ट्र (4.73%) > हिमाचल प्रदेश (4.27%) शीर्ष ऊन उत्पादक राज्य हैं।

## जलवायु वित्त पर ओईसीडी की रिपोर्ट

- 16 नवंबर, 2023 को आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) ने जलवायु वित्त पर अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की।
- इस रिपोर्ट का शीर्षक क्लाइमेट फाइनेंस प्रोवाइडेड एंड मोबिलाइज्ड बाय डेवलप्ड कंट्रीज इन 2013-2021 है।
- यह रिपोर्ट 2013-2021 की अवधि के लिए विकासशील देशों को विकसित देशों द्वारा प्रदान किये गए वार्षिक जलवायु वित्तयन (Climate Finance) के समग्र रुझान को प्रस्तुत करती है।
- 2021 में विकसित देशों द्वारा प्रदान किया गया जलवायु वित्त 89.6 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था, जो 2020 की तुलना में 8% की वृद्धि के करीब है।

## अनुकूलन गैप रिपोर्ट 2023

- 2 नवंबर, 2023 को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा अनुकूलन गैप रिपोर्ट 2023 जारी की गई।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु अनुकूलन पर प्रगति सभी स्तरों पर धीमी हो रही है, जबकि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और जोखिमों से निपटने के लिए इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है।
- इस रिपोर्ट का पहला संस्करण 2014 में जारी किया गया था। इस रिपोर्ट को जारी करने का उद्देश्य अनुकूलन से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को बढ़ावा देना है।
- इस रिपोर्ट के माध्यम से अनुकूलन कार्यों की योजना, वित्तपोषण और कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा की जाती है।

# 11 राज्य घटनाक्रम

## उत्तर प्रदेश

### वाराणसी में विकास परियोजनाओं की आधारशिला

- 18 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 19,150 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी है।
- इसमें 10,900 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर-न्यू भाऊर डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर परियोजना का उद्घाटन भी शामिल है।
- होदरीघाट-मऊ मेमू ट्रेन और नए फ्रेड कॉरिडोर पर लॉन्ग हॉल मालगाड़ियों को रवाना किया गया।
- 370 करोड़ रुपए की लागत से बने 2 रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के साथ ग्रीन-फील्ड शिवपुर-फुलवरिया-लहरतारा मार्ग का उद्घाटन किया।
- चित्रकूट जिले में 800 मेगावाट का सौर पार्क और मिर्जापुर में नया पेट्रोलियम तेल टर्मिनल का उद्घाटन किया।

### स्विट्ज़रलैंड की तर्ज पर लखनऊ में आधुनिक गौशाला बनेगी

- लखनऊ में स्विट्ज़रलैंड की तर्ज पर एक नई गौशाला बनाई जाएगी। 20 दिसंबर, 2023 को लखनऊ के नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में इसका प्रस्ताव पास किया गया।
- यह गौशाला लखनऊ के उत्तरधौना गांव में बनाया जाएगा। इस गौशाला का नाम मनोरथा गौशाला होगा।
- प्रदेश सरकार की गो पर्यटन नीति के तहत 10 हेक्टेयर जमीन पर इसका विकास किया जाएगा। इसपर 32.63 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- इस आधुनिक गौशाला में लगभग 2000 गायें रखी जा सकेंगी। साथ-ही यहां किसी भी गायों को बांधा नहीं जाएगा, वे अपने प्राकृतिक प्रवास में रह सकेंगी।

### गोरखपुर में क्रूज सेवा लेक क्वीन का उद्घाटन

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 दिसंबर, 2023 को गोरखपुर के रामगढ़ताल में 'लेक क्वीन क्रूज' (Lake Queen Cruise) सेवा का उद्घाटन किया।
- 2700 वर्गफीट के क्षेत्रफल वाले क्रूज पर 3 तल बनाए गए हैं और पंचसितारा होटल जैसी सुविधाएं विकसित की गईं हैं।
- उत्तर प्रदेश में सरकार ने राप्ती, सरयू, गंगा और यमुना जैसी नदियों में इनलैंड वाटर वे सेवा शुरू करने के लिए इनलैंड वाटर वे ऑथॉरिटी का गठन किया है।
- वाराणसी से हल्दिया तक गंगा नदी में इनलैंड वाटर वे बनाकर क्रूज चलाया जा रहा है।

### अनपरा-ई तापीय परियोजना

- उत्तर प्रदेश में बिजली की कमी को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (UPRVUNL) ने 20 नवंबर, 2023 को 'अनपरा-ई' तापीय परियोजना के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- सोनभद्र जिले के अनपरा में स्थापित होने वाली इस परियोजना के तहत 1,600 मेगावॉट का विद्युत संयंत्र स्थापित किया जाएगा।
- यह परियोजना, मेजा उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा स्थापित की जाएगी, जो उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (UPRVUNL) और एनटीपीसी का संयुक्त उद्यम है।

### मेडिटेक पार्क का विकास

- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जेवर हवाई अड्डे के पास एक अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क विकसित किए जाने की घोषणा अक्टूबर 2023 में की गई है। यह अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क 350 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है।
- यह पार्क देश को चिकित्सा उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगा, जो बड़े पैमाने पर अन्य देशों से आयात किया जाता है।
- पार्क की स्थापना से भारत अन्य देशों को उपकरण और दवाएं निर्यात करने में भी सक्षम होगा।
- गौरतलब है कि भारत अपनी कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं के लिए जाना जाता है। भारत करीब 200 देशों को दवाएं निर्यात करता है।
- अवगत करा दें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ललितपुर में एक फार्मास्युटिकल पार्क और पीलीभीत में एक बायोटेक पार्क भी विकसित किया जा रहा है।

### बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी

- 12 सितंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (Bundelkhand Industrial Development Authority) के गठन को मंजूरी दे दी गई।
- इस औद्योगिक टाउनशिप को न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (Noida) की तर्ज पर विकसित किए जाने की योजना है।
- प्रस्तावित औद्योगिक टाउनशिप परियोजना के पहले चरण में झांसी जिले के 33 राजस्व गांवों को शामिल किया जाएगा।
- पहले चरण में इन गांवों की 35,000 एकड़ भूमि को शामिल कर इस टाउनशिप को विकसित किया जाएगा।

### गंगा डॉल्फिन : उत्तर प्रदेश का जलीय जीव घोषित

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 अक्टूबर, 2023 को गंगा नदी की डॉल्फिन (Gangetic Dolphin) को राज्य के जलीय जीव के रूप में घोषित किया है।

# 12 खेल घटनाक्रम

## बहु-खेल स्पर्द्धाएं

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023

- 10-17 दिसंबर, 2023 तक नई दिल्ली में प्रथम खेलो इंडिया पैरा गेम्स (KIPG) का आयोजन किया गया।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1450 से अधिक पैरा एथलीटों ने भाग लिया। इसमें 7 खेलों का आयोजन हुआ।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स का उद्देश्य देश में जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है।
- KIPG 2023 भारत सरकार के **खेलो इंडिया** प्रोग्राम की नवीनतम पहल है, जिसमें खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स भी शामिल हैं।

**पदक तालिका में 5 शीर्ष राज्य**

| रैंक | राज्य | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा | 40 | 39 | 26 | 105 |
| 2 | उत्तर प्रदेश | 25 | 23 | 14 | 62 |
| 3 | तमिलनाडु | 20 | 8 | 14 | 42 |
| 4 | गुजरात | 15 | 22 | 20 | 57 |
| 5 | महाराष्ट्र | 12 | 7 | 16 | 35 |

### 37वां राष्ट्रीय खेल

- 26 अक्टूबर-9 नवंबर, 2023 तक गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में महाराष्ट्र 228 पदकों, सर्विसेस 126 पदकों एवं हरियाणा 192 पदकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। महाराष्ट्र ने मेडल टैली में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए राजा भालिंद्र सिंह ट्रॉफी जीती।
- ओलंपिक तैराक श्रीहरि नटराज को सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट जिमनास्ट संयुक्ता प्रसेन काले और प्रणति नायक को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट चुना गया।
- 2023 राष्ट्रीय खेल इवेंट में स्के मार्शल आर्ट, रोलबॉल, सेपक टकराव, कलारीपयट्टू, पेंचक सिलेट और मिनी गोल्फ को भी शामिल किया गया।

### पैरा एशियाई खेल-2023

- चीन के हांगझू में 22 से 28 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित पैरा एशियाई खेल के चौथे संस्करण में भारत ने कुल 111 पदक के साथ पदक तालिका में 5वें स्थान पर रहा।
- **पदक तालिका में शीर्ष 3 देशः** चीन ( 521 पदक), ईरान (131 पदक) एवं जापान (150 पदक)।
- गुर्जर सुंदर सिंह ने पुरुषों की भाला फेंक- F46 स्पर्द्धा में 68.60 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीतकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- सुमित ने पुरुषों की भाला फेंक- F64 स्पर्द्धा में 73.29 मीटर के प्रयास के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।

### एशियाई खेल 2023

- 19वें एशियाई खेलों का आयोजन चीन के हांगझू में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक किया गया। भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक के साथ चौथे स्थान पर रहा।
- पदक तालिका में शीर्ष तीन देशः चीन (201 स्वर्ण), जापान (52) और दक्षिण कोरिया (42) हैं।
- एशियाई खेलों के इतिहास में **पहली बार भारत ने एयर राइफल शूटिंग**, एथलेटिक्स और **महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक** जीता।
- चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी ने एशियाई खेलों में भारत का बैडमिंटन में पहला स्वर्ण पदक जीता।
- पारुल चौधरी ने महिलाओं के 500 मीटर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता; ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं।

### एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023

- 12-16 जुलाई, 2023 के दौरान थाईलैंड के **बैंकॉक** में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया।
  - **जापान ( 37 पदक ), चीन ( 22 पदक ) एवं भारत ने 27 पदक** के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची**

| क्रम | नाम | प्रतिस्पर्द्धा |
|---|---|---|
| 1 | ज्योति याराजी | 100 मीटर बाधा दौड़ |
| 2 | पारुल चौधरी | 3000 मीटर स्टीपलचेंज |
| 3 | ताजिंदरपाल सिंह तूर | गोला फेंक |
| 4 | अब्दुल्ला अबूबैकर | ट्रिपल जंप |
| 5 | अजय कुमार सरोज | 1500 मीटर |
| 6 | मिश्रित रिले टीमः राजेश रमेश, ऐश्वर्या मिश्रा, अमोज जैकब, सुभा वेंकटेशन | 4×400 मी. |

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023

- 19 से 27 अगस्त, 2023 तक विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 19वां संस्करण हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित किया गया था।
- **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का मोटो (Moto):** आश्चर्य का गवाह बने (Witness The Wonder) एवं **आधिकारिक शुभंकरः** हंगेरियाई मूल की रैका भेड़ की एक प्रजाति 'युहू'।

# 13 नियुक्ति

- **फातिमा वसीमः** सियाचिन वॉरियर्स की कैप्टन फातिमा वसीम, सियाचिन ग्लेशियर में ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर बन गई हैं। उनकी पोस्टिंग 15,200 फीट की ऊंचाई पर होगी।
  - इससे पहले 5 दिसंबर, 2023 को सेना की स्नो लेपर्ड ब्रिगेड की कैप्टन गीतिका कौल सियाचिन पर पोस्ट होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर बनीं थीं।
  - फातिमा सियाचिन के ऑपरेशन पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली ऑफिसर बनी हैं।
- **नितिन साहनीः** 14 दिसंबर, 2023 को प्रसिद्ध ब्रिटिश भारतीय संगीतकार नितिन साहनी को 2024 बुकर पुरस्कार निर्णायक पैनल में शामिल किया गया।
- **मनीषा पाढ़ीः** स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को 29 नवंबर, 2023 को मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने एड-डी-कैंप (एडीसी) नियुक्त किया।
  - मनीषा भारत की पहली महिला भारतीय सशस्त्र बल अधिकारी हैं, जिन्हें देश में किसी राज्यपाल के एडीसी के रूप में नियुक्त किया गया है।
- **गिरीश चंद्र मुर्मूः** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) गिरीश चंद्र मुर्मू को नवंबर 2023 में वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल (UN Panel of External Auditors) का उपाध्यक्ष चुना गया है।
- **हीरालाल सामरियाः** 6 नवंबर, 2023 को सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया को केंद्रीय सूचना आयोग (Central Information Commission) के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया।
- **साइमा वाजेदः** 1 नवंबर, 2023 को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक चुना गया। जो 1 फरवरी, 2024 को पदभार ग्रहण करेंगी।
- **राजकुमार रावः** 26 अक्टूबर, 2023 को निर्वाचन आयोग (Election Commission) ने अभिनेता राजकुमार राव को अपना राष्ट्रीय आइकन नियुक्त किया।
- **अमोल मजूमदारः** मुंबई के पूर्व कप्तान और घरेलू क्रिकेट के विशेषज्ञ अमोल मजूमदार को अक्टूबर 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में चयन किया गया।
- **अशोक वासवानीः** कोटक महिंद्रा बैंक ने सिटीग्रुप के पूर्व बैंकर अशोक वासवानी को अगले प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अक्टूबर 2023 में (CEO) नियुक्त किया है।
- **चितरंजन त्रिपाठीः** प्रसिद्ध रंगकर्मी, निर्देशक और गायक चितरंजन त्रिपाठी को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) का 12वें स्थायी निदेशक नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति 6 अक्टूबर, 2023 को की गई।
- **नवनीत मुनोतः** 16 अक्टूबर, 2023 को नवनीत मुनोत को एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (Association of Mutual Funds in India- AMFI) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।
- **श्रीनिवासन के. स्वामीः** आर. के. स्वामी हंसा ग्रुप के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनिवासन के. स्वामी को सर्वसम्मति से वर्ष 2023-24 के लिए ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (ABC) का अध्यक्ष सितंबर 2023 में चुना गया है।
- **राजेश नांबियारः** कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजेश नांबियार को भारतीय आई. टी. और प्रौद्योगिकी व्यापार निकाय नैसकॉम (NASSCOM) ने सितंबर, 2023 को अपना नया चेयरपर्सन नियुक्त किया।
- **आर. माधवनः** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1 सितंबर, 2023 को अभिनेता आर. माधवन को भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII) सोसाइटी का अध्यक्ष और संचालन परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया।
- **जया वर्मा सिन्हाः** कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने सितंबर 2023 को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में जया वर्मा सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दी है।
  - वर्ष 1905 में रेलवे बोर्ड की स्थापना के बाद जया इस पद को संभालने वाली पहली महिला बनीं हैं।
- **रघु श्रीनिवासनः** सितंबर 2023 को लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने सीमा सड़क संगठन (BRO) के 28वें महानिदेशक (DG) के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- **सुरेश गोपीः** 22 सितंबर, 2023 को अभिनेता सुरेश गोपी को सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष और इसके गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है।
- **धनंजय जोशीः** सितंबर 2023 में दूरसंचार उद्योग निकाय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर एसोसिएशन (DIPA) ने दूरसंचार अवसंरचना प्रदाता कंपनी 'समिट डिजिटल' के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी धनंजय जोशी को अपना अध्यक्ष (Chairman) नियुक्त किया।
- **राहुल नवीनः** 15 सितंबर, 2023 को केंद्र सरकार ने राहुल नवीन को प्रवर्तन निदेशालय (ED) का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया है।
- **डॉ. वसुधा गुप्ताः** इनको 31 अगस्त, 2023 को ऑल इंडिया रेडियो के समाचार सेवा प्रभाग की महानिदेशक नियुक्त किया गया।

# 14 निधन

- **डॉ. वी मोहिनी गिरि:** राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. वी मोहिनी गिरि का 19 दिसंबर, 2023 को निधन हो गया। वी. मोहिनी गिरि एक भारतीय सामुदायिक सेवा कार्यकर्ता और कार्यकर्ता थीं; डॉ. गिरि नई दिल्ली स्थित सामाजिक सेवा संगठन, गिल्ड ऑफ सर्विस (वर्ष 1979 में स्थापित) की अध्यक्ष थीं। उन्हें वर्ष 2007 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।
- **हेनरी किसिंजर:** अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री और नोबेल पुरस्कार विजेता हेनरी किसिंजर का 29 नवंबर, 2023 को कनेक्टिकट (अमेरिका) में निधन हो गया। वे 100 वर्ष के थे। हेनरी किसिंजर एक अमेरिकी राजनीतिज्ञ थे।
- **जस्टिस फातिमा बीवी:** सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज और तमिलनाडु की पूर्व राज्यपाल फातिमा बीवी का 23 नवंबर, 2023 को कोल्लम (केरल) में 96 साल की उम्र में निधन हो गया। ये 1989 में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बनीं और 29 अप्रैल, 1992 तक इस पद पर रहीं। इसके अलावा वे 1997 से 2001 तक तमिलनाडु की राज्यपाल भी रहीं।
- **पी. वलसाला:** प्रसिद्ध मलयालम उपन्यासकार और लघु कथाकार पी. वलसाला का 21 नवंबर, 2023 को कोझिकोड में निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनके महत्वपूर्ण उपन्यासों में नेल्लु, अग्नेयम, कूमांकोल्ली, अरक्किलम और विलापम शामिल हैं।
- **बृजिंदर नाथ गोस्वामी:** भारतीय कला समीक्षक और इतिहासकार बृजिंदर नाथ गोस्वामी का 17 नवंबर, 2023 को चंडीगढ़ में निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उन्हें वर्ष 1998 में 'पद्म श्री' और वर्ष 2008 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया।
  - "द स्पिरिट ऑफ इंडियन पेंटिंग, क्लोज एनकाउंटर्स विद 101 ग्रेट वर्क्स, 1100-1900" जैन पांडुलिपियों से लेकर भारतीय लघुचित्रों तक की चयनित कृतियों पर आधारित बृजिंदर नाथ गोस्वामी का एक ग्रंथ है।
  - 'द इंडियन कैट, स्टोरीज, पेंटिंग्स, पोएट्री, एंड प्रोवर्स' गोस्वामी की अंतिम लिखी किताब है। अब तक उनकी 20 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।
- **सेवा राम यात्री:** वरिष्ठ साहित्यकार सेवा राम यात्री का 17 नवंबर, 2023 को निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। इनकी कहानी 'दूसरे चेहरे' और 'आम आदमी कहां है', सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। इनकी अन्य चर्चित कृतियों में 'दराजों में बंद दस्तावेज', 'लौटते हुए', 'टापू पर अकेले', 'चांदनी के आर-पार', 'अंजान राहों का सफर' आदि शामिल हैं।
- **चंद्र मोहन गारू:** प्रसिद्ध तेलुगू अभिनेता चंद्र मोहन गारू का 11 नवंबर, 2023 को हैदराबाद में निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनकी कुछ यादगार फिल्मों में 'सुभोदयम', 'सिरिसिरी मुव्वा', 'संकराभरणम', 'सीतामलक्ष्मी', 'अल्लूरी सीताराम राजू', 'अखारी पोरतम' और 'नुव्वु नाकु नाचव' शामिल हैं।
- वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म 'पदहारेला वायासु' के लिए इनको फिल्म फेयर का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार (तेलुगू) प्रदान किया गया था।
- **एस. वेंकटरमणन:** 18 नवंबर, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व गवर्नर एस. वेंकटरमणन का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वेंकटरमणन ने दिसंबर 1990 से दिसंबर 1992 के बीच RBI में सेवाएं दीं।
  - उनके कार्यकाल में देश को बाह्य क्षेत्र से संबंधित कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिससे इनके द्वारा कुशल प्रबंधन ने देश को भुगतान संतुलन संकट से उबरने में मदद की।
- **डॉ. बीरेंद्र नाथ दत्ता:** प्रख्यात साहित्यकार, शिक्षाविद् और संगीतकार डॉ. बीरेंद्र नाथ दत्ता का 23 अक्टूबर, 2023 को असम के दिसपुर में निधन हो गया। डॉ. दत्ता वर्ष 2003-04 में असम साहित्य सभा के अध्यक्ष रहे। वे असम साहित्य सभा द्वारा प्रकाशित "विश्व कोषर विश्व साहित्य" के संपादक भी रहे। डॉ. दत्ता की कुछ उल्लेखनीय रचनाएं "ग्वालपारिया लोक गीत संग्रह" (1974), "असमिया संगीत की विरासत" (1977), 'व्यक्तिगत संस्कृति आदि' (1985), भाषा और साहित्य की जलंगीदी (1988) हैं।
- **मार्टी अहतिसारी:** फिनलैंड के पूर्व राष्ट्रपति और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मार्टी अहतिसारी का 16 अक्टूबर, 2023 को निधन हो गया। यह वर्ष 1994 से 2000 तक फिनलैंड के 10वें राष्ट्रपति थे। इनको अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को सुलझाने में योगदान के लिए वर्ष 2008 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- **डॉ. एम. एस. गिल:** भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन (CEC) आयुक्त डॉ. एम. एस. गिल का 15 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में निधन हो गया। डॉ. एम. एस गिल भारत के 11वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे। ये 'एन इंडियन सक्सेस स्टोरी: एग्रीकल्चर एंड कोऑपरेटिव्स' नामक पुस्तक भी लिखे हैं।
- **लुईस ग्लक:** नोबेल पुरस्कार विजेता और अमेरिका की प्रसिद्ध कवयित्री लुईस ग्लक का निधन अक्टूबर, 2023 को हो गया। इनको वर्ष 2020 में साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- ग्लक को वर्ष 1993 में 'वाइल्ड आइरिस' के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला, जो कविताओं की एक पुस्तक थी। 'वाइल्ड आइरिस' पीड़ा, मृत्यु और पुनर्जन्म के विषयों से संबंधित थी। इनकी वर्ष 1968 में पहली बार 'फर्स्टबॉर्न' नामक कविता संग्रह प्रकाशित हुई थी।
- **एमएस स्वामीनाथन:** 28 सितंबर, 2023 को भारत में हरित क्रांति के जनक एवं प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का 98 वर्ष की आयु में चेन्नई में निधन हो गया। उनका जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में हुआ था। इनका पूरा नाम मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन था। इनकी अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन 18 नवंबर, 2004 को किया गया था।

# 15 पुरस्कार एवं सम्मान

## साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023

- साहित्य अकादमी ने 20 दिसंबर, 2023 को 24 भाषाओं में 2023 के साहित्य अकादमी वार्षिक पुरस्कार की घोषणा की। ये पुरस्कार 12 मार्च, 2024 को प्रदान किए जाएंगे।
- वर्ष 2023 में 9 काव्य संग्रह, 6 उपन्यास, 5 कहानी संग्रह, 3 निबंध और 1 साहित्यिक अध्ययन (आलोचना) को साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।
- **प्रमुख पुरस्कार प्राप्तकर्ता:**
  - **हिंदी:** संजीव को "मुझे पहचानो" उपन्यास के लिए,
  - **अंग्रेजी:** नीलम शरण गौर को "रेक्युम इन राग जानकी" उपन्यास (Requiem in Raag Janaki) के लिए,
  - **पंजाबी:** स्वर्णजीत सवी को "मन दी चिप" कविता-संग्रह के लिए तथा
  - **उर्दू:** सादिका नवाब सहर को "राजदेव की अमराई" उपन्यास के लिए।

## 33वां व्यास सम्मान 2023

- प्रख्यात लेखिका पुष्पा भारती को उनके संस्मरण 'यादें, यादें और यादें' के लिए 2023 का 33वां व्यास सम्मान देने की घोषणा की गई। इस पुस्तक में पुष्पा भारती ने हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकारों से संबंधित अविस्मणीय संस्मरणों को रेखांकित किया है।
- 'शुभागता', 'ढाई आखर प्रेम के', 'सरस संवाद', 'सफर सुहाने' आदि भारती की लोकप्रिय किताबें हैं।
- संस्मरण, जीवनी और रेखाचित्र की विधाओं में भारती का उल्लेखनीय योगदान है।

## बुकर पुरस्कार 2023

- 26 नवंबर, 2023 को आयरलैंड के लेखक पॉल लिंच को उनके उपन्यास 'प्रॉफेट सॉन्ग' के लिए लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में बुकर पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।
- वे यह हाई-प्रोफाइल साहित्यिक पुरस्कार जीतने वाले पांचवें आयरिश लेखक बन गए हैं।
- भारतीय मूल की लेखिका चेतना मारू के पहले उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' को पीछे छोड़ते हुए पॉल लिंच ने यह पुरस्कार जीता।
- इसके पिछले विजेताओं में इयान मैकएवन, मार्गरेट एटवुड, सलमान रुश्दी और हिलेरी मेंटल शामिल हैं।

## मिस यूनिवर्स 2023

- निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस ने मिस यूनिवर्स 2023 का खिताब जीता। मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने वाली शेन्निस पलासियोस निकारागुआ की पहली महिला हैं।
- मिस यूनिवर्स-2023 प्रतियोगिता का आयोजन 19 नवंबर, 2023 को एल साल्वाडोर के सैन साल्वाडोर में किया गया था।
- इस सौंदर्य प्रतियोगिता में थाईलैंड की एन्टोनिया पोर्सिल्ड और ऑस्ट्रेलिया की मोरया विल्सन को क्रमशः प्रथम और द्वितीय उपविजेता चुना गया। मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत की श्वेता शारदा ने भाग लिया था।

## इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार 2023

- दिसंबर 2023 में वर्ष 2023 के लिये शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये इंदिरा गांधी पुरस्कार संयुक्त रूप से डैनियल बारेनबोइम तथा अली अबू अव्वाद को इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के अहिंसक समाधान हेतु इजरायल तथा अरब देशों के युवाओं व लोगों को एक साथ लाने के उनके प्रयासों के लिये प्रदान किया गया है।
- बारेनबोइम अर्जेंटीना में जन्मे प्रतिष्ठित शास्त्रीय पियानोवादक हैं तथा अव्वाद एक प्रतिष्ठित फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्त्ता हैं जो मध्य-पूर्व (पश्चिम एशिया) में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान हेतु कार्य कर रहे हैं।
- भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सम्मान में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 1986 से प्रत्येक वर्ष शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये इंदिरा गांधी पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## ग्रैमी पुरस्कार 2023

- श्रीअन्न (मोटे अनाज) पर बने गीत 'एबेन्डन्स इन मिलेट्स' को संगीत के प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। 'एबेन्डन्स इन मिलेट्स' गीत को ग्रैमी अवार्ड के बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में नामांकित किया गया है।
- इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दर्शाया गया है और श्रीअन्न के लाभ और इसकी पौष्टिकता को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को उजागर किया गया है।
- इस गीत को भारतीय-अमेरिकी गायक फाल्गुनी शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से लिखा था।

## 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 2023

- 20 से 28 नवंबर, 2023 के दौरान गोवा के पणजी में 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (International Film Festival of India) का आयोजन किया गया।
- हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस (Michael Douglas) को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- अब्बास अमीनी द्वारा निर्देशित फारसी फिल्म एंडलेस बॉर्डर्स (Endless Borders) को 54वें आईएफएफआई में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन पीकॉक पुरस्कार मिला।
- फ्रांसीसी अभिनेत्री मेलानी थिएरी को फिल्म पार्टी ऑफ फूल्स में उनकी शानदार भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनय (महिला) के लिए सिल्वर पीकॉक से सम्मानित किया गया है।

# 16 युद्धाभ्यास

| प्रमुख युद्धाभ्यास/ऑपरेशन | | |
|---|---|---|
| **अभ्यास** | **संबंधित देश/सशस्त्र बल** | **आयोजन स्थल** |
| सूर्य किरण 17वां संस्करण (24 नवंबर से 7 दिसंबर 2023) | भारत एवं नेपाल के मध्य संयुक्त थल सेना अभ्यास | पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) |
| त्रिशक्ति प्रहार (13-25 नवंबर, 2023) | भारतीय सेना के तीनों अंगों के मध्य (संयुक्त युद्धाभ्यास) | जैसलमेर में (राजस्थान) |
| 'वज्र प्रहार' का 14वां संस्करण (21 नवंबर से 11 दिसंबर, 2023) | भारत एवं अमेरिका के मध्य (संयुक्त विशेष बल अभ्यास) | उमरोई छावनी, मेघालय |
| पूर्वी आकाश (30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023) | आईएएफ की पूर्वी वायु कमान द्वारा (वार्षिक कमांड-स्तरीय अभ्यास) | भारत के पूर्वी क्षेत्र |
| मित्र शक्ति (16-29 नवंबर, 2023) | भारत-श्रीलंका के मध्य (संयुक्त सैन्य अभ्यास) | पुणे के औंध |
| बोंगोसागर-23 (7 से 9 नवंबर, 2023) | भारतीय  और बांग्लादेश के मध्य (समुद्री नौसैन्याभ्यास) | उत्तरी बंगाल की खाड़ी |
| सम्प्रीति का 11वां संस्करण (3-16 अक्टूबर, 2023) | भारत और बांग्लादेश के मध्य (वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास) | उमरोई, मेघालय |
| सागर कवच 02/23 (11 और 12 अक्टूबर, 2023) | सभी समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के मध्य (तटीय सुरक्षा अभ्यास) | आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी |
| चक्रवात-2023 (9-11 अक्टूबर, 2023) | सैन्य बल, अर्द्धसैनिक बल और कई आपदा मोचन संगठन के मध्य (HADR अभ्यास) | गोवा |
| हरिमाऊ शक्ति 2023 (23 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023) | भारतीय और मलेशिया के मध्य (सैन्य अभ्यास) | उमरोई छावनी, मेघालय |
| ऑपरेशन-सजग (18 सितंबर, 2023) | भारतीय तटरक्षक बल का तटीय सुरक्षा अभ्यास | भारत के पश्चिमी तट पर |
| सिम्बेक्स 23 (21-24 सितंबर, 2023 के मध्य) | भारत और सिंगापुर के मध्य (वार्षिक नौसेना अभ्यास) | सिंगापुर |
| त्रिपक्षीय समुद्री साझेदारी अभ्यास (20-21 सितंबर 2023) | भारत-इंडोनेशिया-ऑस्ट्रेलिया के मध्य (समुद्री अभ्यास) | युद्धपोत 'आईएनएस सह्याद्री' पर |
| वरुण-23 (जनवरी, 2023) | भारत और फ्रांस के मध्य (नौसैन्य अभ्यास) | अरब सागर |
| 'मालाबार' (11 से 21 अगस्त, 2023 तक) | अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर (संयुक्त नौ सैन्य अभ्यास) | मध्य सिडनी के निकट ऑस्ट्रेलिया |
| 'जायद तलवार' (8 से 11 अगस्त, 2023 तक) | भारतीय और संयुक्त अरब अमीरात के मध्य (नौसैनिक अभ्यास) | दुबई के पोर्ट रशीद |
| "नोमेडिक एलीफेंट - 2023" (17 से 31 जुलाई तक) | भारत और मंगोलिया के मध्य (संयुक्त सैन्य अभ्यास) | मंगोलिया के उलानबटार |
| 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 2023' (10 -12 जुलाई, 2023) | भारत, अमेरिका, इटली, ब्रिटेन, सेशेल्स के मध्य (बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास) | सेशेल्स |
| जिमेक्स-23 (5 से 11 जुलाई तक) | भारत-जापान के मध्य (समुद्री अभ्यास) | बंगाल की खाड़ी |
| 'साल्वेक्स' (26 जून से 6 जुलाई, 2023 तक) | भारत और अमेरिका के मध्य (नौसैन्य अभ्यास) | कोच्चि |

17

# पोर्टल/ऐप

| पोर्टल/ऐप | जारीकर्त्ता | उद्देश्य/संबंधित तथ्य |
|---|---|---|
| iStart टैलेंट कनेक्ट | राजस्थान सरकार | नौकरी प्रदाताओं और नौकरी ढूढ़ने वालों को आपस में मिलाने के लिए। |
| रोजगार प्रयाग पोर्टल | उत्तराखंड सरकार | राज्य में रोजगार के अवसरों को एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराने के लिए। |
| सरपंच संवाद ऐप | भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) द्वारा विकसित | पूरे भारत में लगभग 2.5 लाख सरपंचों को जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। |
| फ्लडवाच ऐप | केन्द्रीय जल आयोग | वास्तविक समय में बाढ़ के अनुमान के लिए। |
| राजमार्ग यात्रा ऐप | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | राजमार्ग उपयोगकर्त्ता के अनुभव को बढ़ाने के लिए। |
| उद्गम पोर्टल | भारतीय रिजर्व बैंक | आसानी से अपने अप्रयुक्त जमा और खातों का पता लगाने में सक्षम होगा। |
| सुस्वागतम् पोर्टल | सुप्रीम कोर्ट | अदालत परिसर में प्रवेश के लिए आगंतुकों के लिए ऑनलाइन इलेक्ट्रिक पास बनाने हेतु। |
| ULLAS ऐप | शिक्षा मंत्रालय | बुनियादी साक्षरता को व्यापक रूप से सुलभ बनाने के लिए। |
| मोबाइल दोस्त ऐप | जम्मू-कश्मीर सरकार (केन्द्रशासित प्रदेश) | नागरिक केन्द्रित सेवाओं के मोबाइल आधारित वितरण के लिए। |
| विरासत पोर्टल | गृह मंत्रालय | वेदों में निहित संदेशों को संप्रेषित करने के लिए। |
| पीएम किसान ऐप | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | किसान दूरदराज, घर बैठे बिना ओटीपी के फेस स्कैनर ई-केवाईसी पूरा कर सकेंगे। |
| अरुणपोल ऐप | अरुणाचल प्रदेश पुलिस | राज्य के नागरिकों की सुरक्षा के लिए। |
| युवा पोर्टल | विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय | युवा स्टार्ट-अप को जोड़ने और उनकी पहचान करने के लिए। |
| झरनी युवा पोर्टल | झारखंड सरकार | इसके माध्यम से सरकार रोजगार की तलाश कर रहे उम्मीदवारों को मंच प्रदान करेगी। |
| संचार साथी पोर्टल | दूरसंचार विभाग | उपयोग किए गए डिवाइस को खरीदने से पहले उसकी वास्तविकता की जांच हेतु। |
| मेरी लाइफ ऐप | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | दैनिक जीवन में सरल कार्यों के प्रभाव पर जोर देकर पर्यावरण को बचाने में नागरिकों, विशेष रूप से युवा लोगों की शक्ति का प्रदर्शन करना है। |
| हिम डेटा पोर्टल | हिमाचल प्रदेश सरकार | कल्याणकारी योजनाओं के वितरण के लिए सभी संगठनों के डेटा एकत्रित करने हेतु। |
| साथी पोर्टल | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | बीज उत्पादन एवं बीज प्रमाणिकरण में चुनौतियों का समाधान करने हेतु। |
| AIS ऐप | आयकर विभाग | टीडीएस, ब्याज, लाभांश, शेयर लेनदेन, कर भुगतान से संबंधित जानकारी देखने हेतु। |
| संगम युवा पोर्टल | शिक्षा और कौशल विकास मंत्रालय | पूर्वोत्तर और अन्य राज्यों के युवाओं के बीच आपसी समझ मजबूत करने हेतु। |
| प्रहरी ऐप | सीमा सुरक्षा बल (BSF) | प्रोएक्टिव गवर्नेंस सुविधा हेतु। |
| अमर सरकार पोर्टल | त्रिपुरा सरकार | सभी केन्द्र और राज्य सरकार के प्रायोजित योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के लिए। |
| जलदूत ऐप | ग्रामीण विकास मंत्रालय | देशभर के गांवों के चयनित कुओं में जल स्तर का पता लगाने के लिए। |
| ई-कुंभ पोर्टल | शिक्षा मंत्रालय | इस पर 12 अनुसूचित भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम और किताबें होंगी। |
| scale ऐप | शिक्षा मंत्री | चमड़ा कौशल क्षेत्र परिषद ने चमड़ा उद्योग में प्रशिक्षुओं को कौशल विकास कार्यक्रम योजना बनाने और उन्हें डिस्ट्रीब्यूट करने के तरीके में क्रांति लाने हेतु |

18

# महत्वपूर्ण दिवस और थीम

| तिथि | दिवस | वर्ष 2023 की थीम |
|---|---|---|
| 4 जनवरी | विश्व ब्रेल दिवस | – |
| 6 जनवरी | विश्व युद्ध अनाथ दिवस | युद्ध प्रभावित बच्चों के लिए खड़ा होना |
| 9 जनवरी | प्रवासी भारतीय दिवस | 'प्रवासी: अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार' |
| 10 जनवरी | विश्व हिंदी दिवस | 'हिंदी – पारंपरिक ज्ञान से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' |
| 12 जनवरी | राष्ट्रीय युवा दिवस | विकसित युवा – विकसित भारत |
| 15 जनवरी | भारतीय सेना दिवस | – |
| 23 जनवरी | पराक्रम दिवस | – |
| 24 जनवरी | राष्ट्रीय बालिका दिवस | लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण |
| 24 जनवरी | अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस | लोगों में निवेश, शिक्षा को प्राथमिकता |
| 2 फरवरी | विश्व आर्द्रभूमि दिवस | वेटलैंड रेस्टोरेशन |
| 4 फरवरी | विश्व कैंसर दिवस | क्लोज द केयर गैप |
| 6 फरवरी | महिला के लिए शून्य सहिष्णुता का अंतरराष्ट्रीय दिवस | – |
| 7 फरवरी | सुरक्षित इंटरनेट दिवस | – |
| 10 फरवरी | विश्व दलहन दिवस | सतत भविष्य के लिए दालें |
| 10 फरवरी | राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस | – |
| 13 फरवरी | विश्व रेडियो दिवस | रेडियो और शांति |
| 15 फरवरी | अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस | – |
| 17 फरवरी | वैश्विक पर्यटन लचीलापन दिवस | – |
| 20 फरवरी | विश्व सामाजिक न्याय दिवस | सामाजिक न्याय के लिए बाधाओं पर काबू पाना और अवसरों को उजागर करना |
| 21 फरवरी | अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस | बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा को बदलने की आवश्यकता |
| 22 फरवरी | विश्व चिंतन दिवस | हमारी दुनिया, हमारा शांतिपूर्ण भविष्य, पर्यावरण, शांति और सुरक्षा |
| 27 फरवरी | विश्व एनजीओ दिवस | मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका और प्रभाव |
| 28 फरवरी | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान |
| 3 मार्च | विश्व वन्यजीव दिवस | 'वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी' |
| 4 मार्च | राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस | 'हमारा उद्देश्य – शून्य नुकसान' |
| 1 से 7 मार्च | 5वां जन औषधि दिवस सप्ताह | "जन औषधि – सस्ती भी अच्छी भी" |
| 8 मार्च | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस | लैंगिक मुद्दों को प्रकाश में लाने में प्रौद्योगिकी के महत्व पर जोर देना है। मार्च (8) के नो स्मोकिंग डे "धूम्रपान बंद करने से आपके मस्तिष्क के दूसरे बुधवार स्वास्थ्य में सुधार होता है।" |
| 10 मार्च | अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस | 'न्याय में महिलाएं, न्याय के लिए महिलाएं' |
| 15 मार्च | विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस | 'स्वच्छ ऊर्जा की गति से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना' |
| 16 मार्च | राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस | – |

# 19 पुस्तकें एवं लेखक

- मैपिंग ऑफ द आर्काइव्स - **रमेश चंद्र गौड़ एवं विस्मय बसु**
- थ्रेड बाय थ्रेड - **कपिल देव**
- द बुक ऑफ लाइफ माई डांस विद बुद्धा फॉर सक्सेस -**विवेक अग्निहोत्री**
- गोइंग वायरल मेकिंग ऑफ कोवैक्सीन द इनसाइड स्टोरी - **बलराम भार्गव**
- रिवर्स स्विंग कॉलोनियलिज्म टू कोऑपरेशन किताब - **अशोक टंडन**
- द सॉन्ग ऑफ द सेल एन एक्सप्लोरेशन ऑफ मेडिसिन एंड द न्यू ह्यूमन -**डॉ. सिद्धार्थ मुखर्जी**
- फायर ऑन द गंगा लाइफ अमंग द डेड इन बनारस -**राधिका अयंगर**
- अजय टू योगी आदित्यनाथ - **शांतनु गुप्ता**
- पिचसाइड माई लाइफ इन इंडियन क्रिकेट - **अमृत माथुर**
- वेस्टर्न लेन - **चेतना मारू**
- कारगिल: एक यात्री की जुबानी - **ऋषि राज**
- हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसीजन - **नीरजा चौधरी**
- मानसून - **अभय के.**
- द लाइफ, विजन एंड सॉन्ग्स ऑफ कबीर - **विपुल रिखी**
- इंडिया राइजिंग मेमोयर ऑफ ए साइंटिस्ट - **आर चिदंबरम और सुरेश गंगोत्रा**
- थ्रू द ब्रोकन ग्लासएन ऑटोबायोग्राफी - **टीएन शेषन**
- माया, मोदी, आजाद दलित पॉलिटिक्स इन द टाइम ऑफ हिंदुत्व - **सुधा पई और सज्जन**
- द पावर ऑफ वन थॉट - **बीके शिवानी**
- नालंदा - **अभय के.**
- रिंगसाइड - **डॉ. विजय दर्डा**
- द पावर ऑफ वन थॉट - **बीके**
- कथकली डांस थिएटर ए विजुअल नैरेटिव ऑफ सेक्रेड इंडियन माइम - **के. के. गोपालकृष्णन**
- एनटीआर ए पॉलिटिकल बायोग्राफी - **रामचंद्र मूर्ति कोंदुभाटला**
- भारत के वित्त मंत्री स्वतंत्रता से आपातकाल तक - **अशोक कुमार भट्टाचार्य (एके भट्टाचार्य)**
- ए लाइफ वेल स्पेंड फोर डिकेड्स इन द इंडियन फॉरेन सर्विस - **सतीश चंद्रा**
- माई लाइफ ऐज ए कॉमरेड - **के. के. शैलजा**
- मेड इन इंडिया 75 इयर्स ऑफ बिजनेस एंड एंटरप्राइज - **अमिताभ कांत**
- स्मोक एंड एशेज - **अमिताव घोष**
- कलेक्टिव स्पिरिट, कंक्रीट एक्शन - **शशि शेखर वेम्पति**
- मिल्क एंड हनी - **रूपी कौर**
- द्रौपदी मुर्मू: फ्रॉम ट्राइबल हिंटरलैंड्स टू रायसीना हिल्स - **कस्तूरी रे**
- द इंडियन मेट्रोपोलिस: डिकॉन्स्ट्रक्शनिंग इंडियाज अर्बन स्पेसेज - **फिरोज वरुण गांधी**
- सुप्रीम कोर्ट ऑन कमर्शियल आर्बिट्रेशन - **डॉ. मनोज कुमार**
- द गोल्डन ईयर्स द मैनी जॉयज ऑफ लिविंग ए गुड लॉन्ग लाइफ - **रस्किन बॉन्ड**
- गट्स ए अमाइट वॉर एंड वुमेन - **डॉ. एम. ए. हसन**
- कोर्टिंग इंडिया इंग्लैंड, मुगल इंडिया एंड द ओरिजिन ऑफ एम्पायर - **नंदिनी दास**
- गांधी सियासत और साम्प्रदायिकता - **पीयूष बाबेल**
- द ग्रेट बैंक रॉबरी एनपीएस, स्कैम्स एंड द फ्यूचर ऑफ रेगुलेशन - **पट्टाभि राम और सब्यसांची दास**
- स्मोक एंड एशेज ए राइटर्स जर्नी थ्रू ओपियम्स हिडन हिस्ट्रीज - **अमिताव घोष**
- क्रॉसकोर्ट - **जयदीप मुखर्जी**
- ब्लडबाथ द अंशुमन गायकवाड़ नैरेटिव : **आदित्य भूषण**
- विनिंग द इनर बैटल - **शेन वॉटसन**
- शी इज-वुमन इन स्टीम - **एल्सामेरी डी सिल्वा और सुप्रीत के. सिंह**
- मजमा उल-बहरीन - **अमर हसन**
- इंडिया, भारत और पाकिस्तान द कॉन्स्टीट्यूशनल जर्नी ऑफ सेंडविच्ड सिविलीसेशन - **जे. साईं**
- अनबाउंडेड - **अभयानंद**
- अस्मिता का संघर्ष - **शशि थरूर**
- कश्मीर 370 के साथ और बाद - **जितेंद्र दीक्षित**
- लैंड गन्स कास्ट वुमन मेमॉयर्स ऑफ ए लैप्स्ड रिवोल्यूशनरी - **गीता रामास्वामी**
- द ओपियम ट्रॉफी - **खुशवंत सिंह**
- अंबेडकर: लाइफ पुस्तक - **शशि थरूर**
- मास्टर रेसिडेंशियल रियल एस्टेट - **अश्विन्दर सिंह**
- डॉ. अश्विन फर्नांडीस इंडियाज नॉलेज सुप्रीमेसी - **द न्यू डॉन**
- भारत के बहादुर दिल, भारतीय इतिहास से विगनेट्स - **विक्रम संपत**
- मिरेकल ऑफ फेस योगा - **मानसी गुलाटी**
- द लाइट वी कैरी: ओवरकमिंग इन अनसर्टेन टाइम्स - **मिशेल ओबामा**
- फिट एट एनी एज - **एयर मार्शल पीवी अय्यर**
- फोर्क्स इन द रोड: माई डेज एट आरबीआई एंड बियॉन्ड - **सी. रंगराजन**
- स्लीपिंग डॉग्स - **अर्चना सरत**
- द स्ट्रगल फॉर नर्मदा - **नंदिनी ओझा**
- द पीपल ऑफ द इंडस - **निखिल गुलाटी**

# 20 अंतरराष्ट्रीय संगठन

| वर्ष 2023 के दौरान चर्चा में रहे अंतरराष्ट्रीय संगठन | | | |
|---|---|---|---|
| संस्थान/संगठन | स्थापना | मुख्यालय | अध्यक्ष/महासचिव/महानिदेशक/प्रमुख |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) | 1919 | जिनेवा (स्विट्जरलैंड) | गिल्बर्ट हौंगबो |
| ➢ इंटरपोल (INTERPOL) | 1923 | लियोन्स(फ्रांस) | जुर्गेन स्टॉक |
| ➢ राष्ट्रमंडल (Commonwealth) | 1931 | लंदन (यू.के.) | पेट्रीसिया स्कॉटलैंड |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) | 1945 | न्यूयॉर्क(अमेरिका) | एंटोनियो गुटरेस |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) | 1945 | वाशिंगटन डी.सी. | क्रिस्टालिना जॉर्जीवा |
| ➢ विश्व बैंक (World Bank) | 1945 | वाशिंगटन डी.सी. | अजय बंगा |
| ➢ खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) | 1945 | रोम (इटली) | क्यू डोंग्यू |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) | 1945 | हेग (नीदरलैंड) | जोआन ई. डोंग्यू |
| ➢ यूनेस्को (UNESCO) | 1945 | पेरिस (फ्रांस) | आंद्रे अजोले |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) | 1946 | न्यूयार्क | कैथरीन रसेल |
| ➢ विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) | 1948 | जिनेवा(स्विट्जरलैंड) | टेड्रोस अधानोम |
| ➢ आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) | 1961 | पेरिस (फ्रांस) | माथियास कॉर्मन |
| ➢ नाटो (NATO) | 1949 | ब्रुसेल्स (बेल्जियम) | जेंस स्टोल्टेनबर्ग |
| ➢ यूरोपियन संघ (EU) | 1958 | ब्रुसेल्स (बेल्जियम) | उर्सुला वॉन डेर लेयेन |
| ➢ ओपेक (OPEC) | 1960 | वियना (आस्ट्रिया) | हैथम अल घिस |
| ➢ गुट निरपेक्ष आंदोलन (NAM) | 1961 | जकार्ता (इंडोनेशिया) | इल्हाम अलीयेव |
| ➢ एमनेस्टी इंटरनेशनल | 1961 | लंदन (यू. के.) | एग्नेस कैलमर्ड |
| ➢ संयुक्ट राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) | 1965 | न्यूयार्क | अचीम स्टेनर |
| ➢ एशियाई विकास बैंक (ADB) | 1966 | मनीला (फिलिपींस) | मत्सुगु असकावा |
| ➢ न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) | 2014 | शंघाई (चीन) | डिल्मा रूसेफ |
| ➢ दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों का संघ (ASEAN) | 1967 | जकार्ता(इंडोनिशया) | काओ किम हॉउन |
| ➢ दक्षेस (SAARC) | 1985 | काठामण्डु (नेपाल) | इसाला रूवन वीराकुन |
| ➢ एपेक (APEC) | 1989 | सिंगापुर | प्रायुत चान-ओ वोंग्सुवान |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् (UNHRC) | 2006 | जिनेवा (स्विट्जरलैंड) | फ्रेडेरिको विलेगास |
| ➢ विश्व व्यापार संगठन (WTO) | 1995 | जेनेवा (स्विट्जरलैंड) | नगोजी ओकोन्जो-इवेला |
| ➢ बिम्सटेक (BIMSTEC) | 1997 | ढ़ाका (बांग्लादेश ) | तेन्जीन लेकफेल |
| ➢ शंघाई सहयोग संगठन (SCO) | 2001 | बीजिंग ( चीन) | झांग मिंग |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) | 2002 | हेग, (नीदरलैंड) | पियोत्र हॉफमैनस्की |
| ➢ अफ्रिकी संघ (AU) | 2002 | अदीस अबाबा (इथियोपिया) | पॉल काग्मे |
| ➢ ब्रिक्स (BRICS) | 2009 | शंघाई (चीन) | सर्गेई रयावकोव |
| ➢ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) | 2015 | गुरुग्राम (भारत) | अजय माथुर |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) | 1972 | नैरोबी (केन्या) | इंगर एंडरसन |
| ➢ संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNPF) | 1969 | न्यूयॉर्क (यूएसए) | नतालिया कनेम |

# 22 वनलाइनर करेंट अफेयर्स

राष्ट्रीय घटनाक्रम

- हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) नौसेना प्रमुखों के सम्मेलन (COC) का 8वां संस्करण रॉयल थाई नेवी द्वारा 19 से 22 दिसंबर, 2023 तक कहां आयोजित किया गया? **– थाईलैंड के बैंकॉक**
- सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (CAPS) ने 22 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में 20वां सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार आयोजित किया। इस सेमिनार का विषय क्या था? **–'भारत और वैश्विक दक्षिण: चुनौतियां एवं अवसर'**
- 18 दिसंबर, 2023 को लोक सभा में दूरसंचार विधेयक 2023 प्रस्तुत किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य क्या है? **– दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार एवं संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना**
- 18 दिसंबर, 2023 को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने 'भारतीय शीतकालीन आर्कटिक अभियान' (Indian Winter Arctic Expedition) को हरी झंडी दिखाई। आर्कटिक के लिए भारत के पहले शीतकालीन वैज्ञानिक अभियान में कितने वैज्ञानिक शामिल हैं? **– 4**
- 18 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी के उमराहा में किस मंदिर का उद्घाटन किया? **– स्वर्वेद महामंदिर**
- लोक सभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 तथा भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 कब पारित किया गया? **– 20 दिसंबर, 2023**
- केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने 21 दिसंबर, 2023 को दो दिवसीय जनजातीय केन्द्रित कार्यक्रम 'आदि व्याख्यान' का उद्घाटन कहां किया? **– नई दिल्ली**
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 1 दिसंबर, 2023 को पुणे में किस मेडिकल कॉलेज को प्रेसिडेंट कलर प्रदान किया? **– सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (AFMC)**
- भारतीय सेना ने 5 दिसंबर, 2023 को 'इनो योद्धा 2023' शीर्षक से विचार और नवाचार प्रतियोगिता और सेमिनार का आयोजन कहां किया? **– नई दिल्ली**
- 10 दिसंबर, 2023 को फ्रांस के सेर्गी में किस तमिल कवि और दार्शनिक की प्रतिमा का अनावरण किया गया? **– संत तिरुवल्लुवर**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत@2047: युवाओं की आवाज' नामक पहल का शुभारंभ कब किया? **– 11 दिसंबर, 2023**
- 14 दिसंबर, 2023 को केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने आसियान-भारत श्री अन्न महोत्सव का शुभारंभ कहां किया? **– नई दिल्ली**
- 14 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी (NWDA) सोसायटी की 37वीं वार्षिक आम बैठक और 'नदियों को आपस में जोड़ने हेतु विशेष समिति' (SCILR) की 21वीं बैठक की अध्यक्षता किसने की? **– केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत**
- भारतीय नौसेना के किस प्रमुख तकनीकी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान को 1971 युद्ध के नायक रहे दिवंगत वाइस-एडमिरल बेनॉय रॉय चौधरी को प्रदत्त मूल 'वीर चक्र' प्राप्त हुआ? **– आईएनएस शिवाजी (INS Shivaji)**
- 19 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर एक बहु-हितधारक बैठक का आयोजन किस प्राधिकरण ने किया? **– राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)**
- 22 नवंबर 2023 को भारतीय नौसेना के बेड़े में मिसाइल और गोला-बारूद से लैस किस स्वदेशी नौका को शामिल किया गया है? **– एलएसएएम-9 ( यार्ड 77 )**
- केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रुपाला ने विश्व मत्स्यपालन दिवस के अवसर पर 21 नवंबर, 2023 को वैश्विक मत्स्यपालन सम्मेलन भारत 2023 का उद्घाटन कहां किया? **– गुजरात के अहमदाबाद**
- 20 नवंबर, 2023 को सेकॉन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मिसाइल सह गोला बारूद (MCA) बार्ज नौका एलएसएएम 10 (यार्ड 78) का जलावतरण कहां किया गया? **– विशाखापट्टनम**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 20 नवंबर, 2023 को अखिल भारतीय संथाली लेखक संघ के 36वें वार्षिक सम्मेलन और साहित्य महोत्सव का उद्घाटन कहां किया?**– ओडिशा के बारीपदा में**
- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा में 37 पीएमश्री केंद्रीय विद्यालयों और 26 पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालयों का शुभारंभ कब किया? **– 19 नवंबर, 2023**
- पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा के उद्योगों में राज्य के निवासियों को 75% आरक्षण के प्रावधान वाले, किस अधिनियम को रद्द कर दिया है? **– हरियाणा राज्य रोजगार अधिनियम 2020**
- 14-15 नवंबर 2023 को इन्फेंट्री कमांडरों के 37वें सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया? **– इन्फैंट्री स्कूल, महू ( मध्य प्रदेश )**
- दक्षिणी नौसेना कमान मुख्यालय के तत्वावधान में नौसेना के तोपखाना और मिसाइल युद्ध उत्कृष्टता केन्द्र, आईएनएस द्रोणाचार्य में तोपखाना संगोष्ठी 2023 का आयोजन कब किया गया? **– 13 और 14 नवंबर, 2023**
- आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 13 नवंबर, 2023 को किस पोर्टल का शुभारंभ किया गया? **– 'आईना डैशबोर्ड फॉर सिटीज'**
- गुजरात के पोरबंदर में वार्षिक नौसेना शिक्षा समिति (NES) सम्मेलन 2023 कब आयोजित किया गया? **– 9-10 नवंबर, 2023**